75 Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

बैंक ऑफ़ बड़ौदा

Bank of Baroda

विजया VIJAYA

देना DENA

वार्षिक रिपोर्ट | ANNUAL REPORT

2022-23

bob World Mobile App

bob World Credit

bob World Internet

bob World Merchant

bob World

bob World Prepaid

bob World Tab

bob World Debit

bob World UPI

bob World etrade

विश्वास, नवोन्मेष और उत्कृष्टता आधारित बैंकिंग

BANKING ON TRUST, INNOVATION & EXCELLENCE

विषय	पृष्ठ
अध्यक्ष का संदेश	07
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधकारी का वक्तव्य	13
निदेशकों की रिपोर्ट	19
कार्पोरेट गवर्नेन्स पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण–पत्र	99
कार्पोरेट गवर्नेन्स रिपोर्ट	101
एमडी व सीईओ द्वारा घोषणा	150
सचिवालीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट	151
महत्वपूर्ण वित्तीय सूचक	155
तुलन पत्र	158
लाभ व हानि खाता	159
महत्वपूर्ण लेखा नीतयां	170
नकदी–प्रवाह विवरण	268
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	270
अपरिवर्तित अभिमत सहित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा	286
सीईओ / सीएफओ प्रमाणीकरण	287
समेकित वित्तीय विवरणियां	288
अपरिवर्तित अभिमत सहित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा – समेकित	368
सीईओ / सीएफओ प्रमाणीकरण	369
लाभांश संवितरण नीति	370
नोटिस	378

Contents	Page
Chairman's Statement	10
MD & CEO's Statement	16
Directors' Report	59
Auditors' Certificate on Corporate Governance	99
Corporate Governance Report	101
Declaration by MD & CEO	150
Secretarial Audit Report	153
Key Financial Indicators	155
Balance Sheet	158
Profit & Loss Account	159
Significant Accounting Policies	177
Cash Flow Statement	268
Auditors' Report	279
Declaration of Unmodified Opinion	286
CEO / CFO Certification	287
Consolidated Financial Statement	288
Declaration of Unmodified Opinion - Consolidated	368
CEO / CFO Certification	369
Dividend Distribution Policy	374
Notice	390

नोट : शेयरधारक ''व्यावसायिक दायित्व एवं संवहनीयता रिपोर्ट'' और ''बासेल-III प्रकटीकरण को बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर देख सकते हैं / डाउनलोड कर सकते हैं।

Note : The Shareholders can view / download "Business Responsibility and Sustainability Report" and "Basel-III disclosures" from Bank's Website www.bankofbaroda.in

बैंक ऑफ़ बड़ौदा – श्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता बैंक के रूप में सम्मानित किया गया।

Bank of Baroda - recognised as Top Performing Bank

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने भारत सरकार के ईज 4.0 सुधार कार्यक्रम सूचकांक में प्रतिष्ठित 'प्रथम' स्थान प्राप्त किया है। बैंक ने यह सम्मान ईज 2.0 के लिए 'श्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता बैंक' के रूप में बैंक की पिछली सफलता की श्रृंखला में प्राप्त की है। यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि बैंक को पुन: ईज 4.0 में 'श्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता बैंक' के रूप में सम्मान प्राप्त हुआ है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा को एस्पाइरिंग इण्डिया के लिए स्मार्ट लेंडिंग एवं नए युग 24x7 बैंकिंग थीम के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जो आंतरिक दक्षता बढ़ाने और लागत कम करने के साथ-साथ अपने ग्राहकों के लिए बैंकिंग को अधिक सुलभ एवं सुविधाजनक बनाने की बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ये पुरस्कार एवं सम्मान बैंक द्वारा की गई विभिन्न पहलों के प्रमाण है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा की यात्रा जारी है और हमें ईज 5.0 सूचकांक की दूसरी तिमाही में पहली रैंकिंग की उपलब्धि हासिल करने पर गर्व है। बैंक नवोन्मेषी एवं ग्राहक-केंद्रित समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है जो हमें एक अग्रणी वित्तीय संस्थान के रूप में अलग पहचान प्रदान करता है।

Bank of Baroda has secured the coveted 'First' position in the Government of India's EASE 4.0 reforms index. This recognition comes on the heels of the Bank's previous success in being ranked as the "Top Performing Bank" for EASE 2.0. It is heartening to note that the Bank has been recognized yet again as the "Top Performing Bank" in EASE 4.0.

Bank of Baroda ranked first under the themes of Smart Lending for Aspiring India and New Age 24X7 Banking highlighting the Bank's commitment to making banking more accessible and convenient for its customers, while also increasing internal efficiencies and reducing costs. These awards and accolades are a testament to the various initiatives taken by the Bank.

The journey continues for Bank of Baroda, and we are proud to have achieved yet another milestone of ranking first in the second quarter of the EASE 5.0 index. The Bank remains committed to providing innovative and customer-centric solutions that set us apart as a leading financial institution.

बैंक वित्तीय समावेशन को न केवल एक सामाजिक प्रतिबद्धता के रूप में मानता है बल्कि व्यवसाय सहयोगी (बीसी) मॉडल के माध्यम से व्यवसाय प्राप्त करने के एक अवसर के रूप में भी मानता है। बैंक अपनी शाखाओं और बीसी नेटवर्क के माध्यम से देश में वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। बैंक ने 31 मार्च, 2023 तक देश भर में ग्रामीण, अर्ध शहरी और शहरी क्षेत्रों को सेवाएँ देने हेतु अतिरिक्त 12,442 बीसी (UPSRLM परियोजना के 8861 बीसी सहित) को शामिल करके अपने बीसी नेटवर्क को 51,780 तक बढ़ाया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच पीएमजेडीवाइ खातों के अंतर्गत बैंक की हिस्सेदारी 15.30% और पीएमजेडीवाई खातों के तहत जमा राशि में हिस्सेदारी 17.50% थी। वित्त वर्ष के दौरान सूक्ष्म बीमा के अंतर्गत संचयी नामांकन में 77 लाख की वृद्धि हुई और 31 मार्च 2023 तक यह 3.90 करोड़ तक पहुंच गया।

इसके अलावा बैंक के पास देश भर के 10 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यरत 64 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI) हैं, जो स्व-रोजगार सृजन के लिए ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। कुल 22,405 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और 6.22 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है, जिनमें से 4.24 लाख ने पहले ही अपना उद्यम स्थापित कर लिया है या पारिश्रमिक रोजगार प्राप्त कर लिया है। सभी 64 आरसेटी को आरसेटी के समग्र प्रदर्शन/ कार्यप्रणाली के आधार पर ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा "एए" (उत्कृष्ट) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। बैंक ने अभिनव और भागीदारी दृष्टिकोण के माध्यम से आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता प्रदान करने के लिए 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में फैले 114 वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) भी स्थापित किए हैं।

The Bank considers financial inclusion not only as a social commitment but also as an opportunity to tap business through Business Correspondent (BC) model. The Bank has been actively working towards ensuring financial inclusion in the country through its branches and BC network. The Bank has expanded its BC network to 51,780 by engaging additional 12,442 BCs (including 8861 BCs of UPSRLM project) as on March 31, 2023 to cater to rural, semi urban and urban areas across the country. The Bank's share in PMJDY accounts among PSBs stood at 15.30% and at 17.50% for deposits under PMJDY accounts. Cumulative enrolments under micro insurance during the financial year increased by 77 lakh and reached 3.90 crore as on 31st March 2023.

Further, the Bank has 64 Rural Self Employment Training Institutes (RSETIs) functioning in 10 States/UTs across the country to impart skill development training to the youth of rural and semi urban areas for generating self-employment. An aggregate of 22,405 training programmes have been organized and imparted training to 6.22 lakh youth, out of which 4.24 lakh have already setup their own ventures or have secured wage employment. All the 64 RSETIs are graded as "AA" (outstanding) by Ministry of Rural Development, GOI based on the overall performance/functioning of the RSETIs. The Bank has also set up 114 Centers for Financial Literacy (CFLs) spread across 10 states and a Union Territory for providing financial literacy in tribal and backward blocks through innovative and participatory approach.

ईएसजी - बैंक के विकास का अनिवार्य पहलु

ESG – a growth imperative for the Bank

एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, बैंक एक स्वच्छ और हरित पर्यावरण के साथ संवहनीय विकास एवं समावेशी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। पूरे संगठन में जिम्मेदारीपूर्ण पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) प्रक्रियाओं को एकीकृत करने की दिशा में अग्रणी प्रयास करते हुए बैंक ने **'सीएसआर और संवहनीयता समिति'** नामक निदेशक मंडल स्तरीय 17वीं समिति का गठन किया है। यह समिति एक मजबूत ईएसजी गवर्नेंस फ्रेमवर्क की नींव है और स्थायी रणनीतियों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

संवहनीयता को प्रोत्साहित करने के अपने प्रयासों के एक हिस्से के रूप में, बैंक कहीं भी बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ कागज के उपयोग को कम करने के लिए अपने अधिकांश परिचालनों को डिजिटल बना रहा है। बैंक ने अपने कार्बन उत्सर्जन, ऊर्जा और जल की खपत को कम करने की दिशा में शाखाओं में एलईडी लाइट लगाने, कुछ शाखाओं में सौर ऊर्जा के क्रियान्वयन, कॉर्पोरेट कार्यालयों में वर्षा जल संचयन आदि जैसी कई पहलें की हैं।

संवहनीयता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, बैंक ने **स्वच्छता पखवाड़ा** का आयोजन किया जिसमें सार्वजनिक स्थलों हेतु स्वच्छता अभियान, एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए वॉकथॉन, वंचितों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आदि जैसी कई पहलें की गईं। बैंक ने एक 'पेड़ लगाओ कार्यक्रम' भी आयोजित किया जिसके तहत बैंक प्रत्येक वाहन या गृह ऋण के लिए एक पौधा लगाता है 31 मार्च, 2023 तक बैंक ने इस कार्यक्रम के तहत 1.5 लाख से अधिक पौधे लगाएं हैं और इस प्रकार एक स्वच्छ और हरित भारत के निर्माण में अपना योगदान दिया है।

As a responsible corporate citizen, the Bank is committed to a sustainable development and inclusive growth in a cleaner and greener environment. In an effort to spearhead towards integrating responsible Environment, Social and Governance (ESG) practices across the organisation, the Bank has constituted a 17th Board level committee titled **'CSR and Sustainability committee'.** This committee is the foundation of a robust ESG governance framework and will be instrumental in implementation of sustainable strategies.

As a part of its efforts to promote sustainability, the Bank has been digitising most of its operations to reduce paper usage while offering the ease of banking anywhere. The Bank has also taken a number of initiatives towards reducing its carbon emissions, energy and water consumption such as installation of LED lights in branches, implementation of solar power in some branches, rain water harvesting at corporate offices etc.

To create awareness about sustainability, the Bank celebrated **Swachhata Pakhwada** wherein various initiatives were taken such as cleanliness drive in public place, walkathon to discourage use of single use plastic, health check-up camps for the underprivileged etc. Bank also has a 'Plant a tree Program' in which the Bank plants a sapling for every Auto or Home loan disbursed. As of 31st March 2023, the Bank has planted more than 1.5 lakh plants under this program thereby contributing to a cleaner and greener India.



बॉब वर्ल्ड- बैंक का प्रमुख प्रौद्योगिकी आधारित बैंकिंग प्लेटफॉर्म है, जो जमाराशि, ऋणों के साथ-साथ निवेश और शॉपिंग संबंधी विविध प्रकार की बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराता है जिससे बैंकिंग काफी आसान एवं सुविधाजनक हो जाती है। ग्राहकों के साथ इस जुड़ाव में एनालिटिक्स आधारित मॉडलों का उपयोग करते हुए बैंक ने ग्राहकों को अधिक सेवाएं, सूचनाएं और विशिष्ट रूप से तैयार की गई उत्पादों की पेशकश करते हुए सेवा क्षेत्र को विस्तृत किया है। ई-कॉमर्स सुविधा ने इन सेवाओं के लिए पंजीकरण करने वाले ग्राहकों की बढ़ती संख्या के साथ अपने आकर्षण को दर्शाया है। वर्ष के दौरान बॉब वर्ल्ड एक्टिवेशन ने 1 करोड़ के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर लिया है। साथ ही, बैंक ई-स्टांपिंग एवं ई-साइन इन्फ्रा उपयोग में भी प्रथम स्थान पर है। बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए बैंक ने विभिन्न डिजिटल पहलों जैसे कि मॉरीशस, नेपाल, भूटान, यूएई और सिंगापुर में अंतर्राष्ट्रीय यूपीआई विप्रेषण की शुरुआत की है। मर्चेन्ट के लिए डिजिटल ऑनबोर्डिंग सोल्यूशन्स के साथ-साथ केसीसी एसटीपी और मुद्रा एसटीपी ऋण प्रक्रिया का डिजिटलीकरण किया गया है।

बैंक को इस प्लेटफ़ार्म के लिए इकोनॉमिक टाइम्स द्वारा "प्रौद्योगिकी के नवोन्मेषी उपयोग" श्रेणी में ईटी ट्रेंडिज अवार्ड जैसे अनेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं। बॉब वर्ल्ड को फ्रंटियर्स फिनोविटी 2022 अवार्ड के लिए भी विजेता घोषित किया गया। बैंक ऑफ़ बड़ौदा को इंडियन बैंक एसोसिएशन (आईबीए) के 18 वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार में बड़े बैंकों में "बेस्ट एआई एंड एमएल बैंक" का पुरस्कार प्रदान किया गया। बैंक ऑफ़ बड़ौदा को दि मैडीज 2022 के 8 वें एक्सचेंज 4 मीडिया मोबाइल अवार्ड में "बेस्ट मोबाइल वेबसाइट" श्रेणी के तहत बॉब वर्ल्ड डिजिटल मार्केटिंग अभियान के लिए भी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

'bobWorld', the Banks flagship technology banking platform, has been offering wide range of banking services covering deposits, loans as well as investment and shopping increasing the ease and convenience of banking . This engagement with customers has widened further to include more services, notifications, and customised offerings to customers using analytics based models. The e-commerce facility has shown a traction with increasing number of customers registering for these services. The bobWorld activations have crossed the 1 crore milestone during the year. Also, the Bank ranks first in e-stamping usage as well as in e-sign Infra usage. For enhanced customer convenience, the Bank has launched various digital initiatives such as international UPI remittance in Mauritius, Nepal, Bhutan, UAE and Singapore. The digital onboarding solutions for merchants has been launched as well as KCC STP and MUDRA STP loan journey has been digitised.

The Bank has been conferred various awards and accolades for this platform such as ET Trendies Award in the category "Innovative use of Technology" by Economic Times. bob World was also named the winner at the Banking Frontiers' Finnoviti 2022 Award. Bank of Baroda was awarded the "Best AI & ML Bank" among Large Banks at the Indian Banks' Association (IBA) 18th Annual Banking Technology Awards. Bank of Baroda also won an award for the bob World Digital Marketing Campaign under the category "Best Mobile Website" at the 8th Exchange4media Mobile Awards at The Maddies 2022.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा को "ग्रेट प्लेस टू वर्क" के रूप में मान्यता मिली है

Bank of Baroda recognized again – "Great Place to Work"

बैंक ऑफ़ बड़ौदा फिर से बना

Bank of Baroda continues to be

Great Place To Work® Certified MAR 2023 - MAR 2024 INDIA™

बैंक अपने कर्मचारियों को सबसे मूल्यवान आस्ति मानता है और अपने 77,000 से अधिक कर्मचारियों के साथ बेहतर कर्मचारी जुड़ाव सुनिश्चित करने के लिए लगातार कई पहलें कर रहा है। ये पहलें कर्मचारी संतुष्टि को बेहतर बनाकर, उनकी प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरी करते हुए उनके स्वास्थ्य और कल्याण तथा क्षमता निर्माण का ध्यान रखते हुए मानव संसाधन को मजबूत और विकसित करने का प्रयास करती हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा को हमेशा अपनी मानव संसाधन नीतियों और प्रथाओं के लिए जाना जाता है। **ग्रेट एम्प्लॉयर्स प्रा. लिमिटेड', जिसे दुनिया भर में 'ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट'** जो दुनिया भर के संगठनों में कार्य स्थल संस्कृति का निर्धारण करने **के लिए स्वर्ण मानक पहचान है, के रूप में जाना जाता है, के** द्वारा लगातार दूसरे वर्ष "ग्रेट प्लेस टू वर्क" के रूप में बैंक का निर्धारण किया जाना गौरव की बात है।

इसके अलावा, बैंक नियमित रूप से अपने कर्मचारियों के साथ अपने 'वॉयस ऑफ बड़ौदियंस' कर्मचारी जुड़ाव सर्वेक्षणों के माध्यम से संपर्क रखता है। एम्प्लॉई एंगेजमेंट सर्वे वॉयस ऑफ बड़ौदियंस के चौथे संस्करण में सर्वेक्षण के समापन के समय 96.91% की उच्चतम कर्मचारी भागीदारी दर रही है और 75% का उच्चतम कर्मचारी जुड़ाव स्कोर भी दर्ज किया गया है।

बैंक अपनी विभिन्न नीतियों और प्रथाओं के माध्यम से समान अवसर प्रदान करने और बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत है। बैंक की एक विविधता, इक्विटी और समावेशन (डीईआई) नीति है जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लैंगिक विविधता को प्रोत्साहित करना, समान अवसर प्रदान करना और सभी स्तरों पर समावेशिता को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, बैंक अपने परिसर में बाल श्रम या किसी भी प्रकार के अनैच्छिक श्रम पर रोक लगाकर मानवाधिकारों का पालन करता है। बैंक के पास एक मजबूत नैतिक संस्कृति विकसित करने के लिए "नैतिक आचरण संहिता" है जो कर्मचारियों, ग्राहकों और अन्य हितधारकों के साथ बेहतर विश्वास निर्माण करती है।

The Bank considers its employees as the most valuable assets and has been continuously undertaking multiple initiatives for ensuring better employee engagement with its more than 77,000+ employees. These initiatives endeavours to strengthen and develop the human resource by increasing employee satisfaction, addressing their training needs, taking care of their health and wellness and capacity building.

Bank of Baroda has always been recognized for its HR policies and practices. It is an honour for the Bank to be recognized as **"Great Place to Work" for the second consecutive year by Great Employers Pvt. Ltd.', known as 'Great Place to Work Institute' world-wide, which is a gold standard recognition** for recognizing work place culture in organizations around the globe.

Further, the Bank regularly engages with its employees through its 'Voice of Barodians' Employee Engagement Surveys. In its fourth edition of Employee Engagement Survey Voice of Barodians, there has been the highest ever employee participation rate of 96.91% at the time of closing of the survey and also the highest ever Employee Engagement Score of 75% was recorded.

The Bank has been striving continuously to offer and uphold equal opportunity through its various policies and practices. The Bank has a Diversity, Equity and Inclusion (DEI) policy which aims to promote greater gender diversity, provide equal opportunities and promote inclusivity at all levels. Further, the Bank abides by the human rights by prohibiting child labour or any form of involuntary labour on its premises. The Bank has a "Code of Ethics" to develop a strong ethical culture that leads to building of better trust with employees, customers and other stakeholders.

सांविधिक लेखापरीक्षक / Statutory Auditors

मेसर्स आर देवेंद्र कुमार एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
M/s R Devendra Kumar & Associates
Chartered Accountants

मेसर्स व्यास एंड व्यास
सनदी लेखाकार
M/S. Vyas & Vyas
Chartered Accountants

मेसर्स दस्सानी एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
M/S. Dassani & Associates
Chartered Accountants

मेसर्स खंडेलवाल जैन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
M/s Khandelwal Jain & Co
Chartered Accountants

मेसर्स एस वेंकटराम एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
M/s S Venkatram & Co LLP
Chartered Accountants

प्रधान कार्यालय
बैंक ऑफ़ बड़ौदा, बड़ौदा भवन, आर सी दत्त रोड,
अलकापुरी, वडोदरा - 390 007

कॉर्पोरेट कार्यालय
बैंक ऑफ़ बड़ौदा, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26,
जी-ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स,
बान्द्रा पूर्व, मुंबई 400051

निवेशक सेवाएं विभाग
बैंक ऑफ़ बड़ौदा, 7वां तल, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर,
सी-26, जी-ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स,
बान्द्रा पूर्व, मुंबई 400051

रजिस्ट्रार एंड शेयर अंतरण एजेंट (आरटीए)
केफिन टेक्नोलॉजी लिमिटेड
(यूनिट: बैंक ऑफ़ बड़ौदा)
सेलेनियम बिल्डिंग, टावर-बी, प्लाट नं. 31
व 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा,
सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी,
तेलंगाना, इंडिया - 500 032

डिबेंचर न्यासी
आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि.
एशियन बिल्डिंग, भू-तल,17, आर कमानी मार्ग,
बेलार्ड एस्टेट, मुंबई - 400001

केनरा बैंक
एफ एम एवं एस विंग, प्रधान कार्यालय नं. 112,
जे सी रोड, बेंगलुरु - 560002

कैटलिस्ट ट्रस्टीशिप लि.
जीडीए हाउस, प्लॉट नं. 85, भुसारी कॉलोनी (राइट),
पौड रोड, पुणे - 411 038

सेंटबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लि.
सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया - एमएमओ बिल्डिंग,
तीसरा तल (पूर्व विंग), 55 एमजी रोड,
फोर्ट, मुंबई 400001

एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेस लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालय: रूबी, दूसरी मंजिल,
एसडब्ल्यू, 29, सेनापति बापत मार्ग,
दादर पश्चिम, मुंबई - 400028

Head Office
Bank of Baroda, Baroda Bhavan, RC
Dutt Road, Alkapuri, Vadodara-390 007

Corporate Office
Bank of Baroda, Baroda Corporate
Centre, C-26, G-Block, Bandra Kurla
Complex, Bandra East,
Mumbai 400051

Investor Services Department
Bank of Baroda, 7th Floor, Baroda
Corporate Centre, C-26, G-Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra East,
Mumbai 400051

Registrar and Share Transfer Agent (RTA)
KFin Technologies Limited
Unit: Bank of Baroda
Selenium Building, Tower-B, Plot
No 31 & 32, Financial District,
Nanakramguda, Serilingampally,
Hyderabad, Rangareddy,
Telangana, India - 500 032

Debenture Trustees
IDBI Trusteeship Services Ltd.
Asian Building, Ground Floor, 17, R
Kamani Marg, Ballard Estate,
Mumbai – 400001.

Canara Bank
FM&S Wing, Head Office, No. 112,
JC Road, Bangalore – 560002.

Catalyst Trusteeship Ltd.
GDA House, Plot No. 85, Bhusari
Colony (Right), Paud Road,
Pune - 411 038.

Centbank Financial Services Ltd.
Central Bank of India - MMO Bldg.,
3rd Floor (East Wing), 55, MG Road,
Fort, Mumbai 400001

Axis Trustee Services Ltd.
Corporate Office : The Ruby ,2nd Floor,
SW,29, Senapati Bapat Marg,
Dadar West Mumbai -400028.

निदेशक मंडल | BOARD OF DIRECTORS

डॉ. हसमुख अढ़िया
गैर–कार्यकारी अध्यक्ष
Dr. Hasmukh Adhia
Non-Executive Chairman

श्री संजीव चड्ढा
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
Shri Sanjiv Chadha
Managing Director & CEO

श्री अजय के. खुराना
कार्यपालक निदेशक
Shri Ajay K. Khurana
Executive Director

श्री देबदत्त चाँद
कार्यपालक निदेशक
Shri Debadatta Chand
Executive Director

श्री जयदीप दत्ता राय
कार्यपालक निदेशक
Shri Joydeep Dutta Roy
Executive Director

श्री ललित त्यागी
कार्यपालक निदेशक
Shri Lalit Tyagi
Executive Director

निदेशक मंडल | BOARD OF DIRECTORS

श्री मुकेश कुमार बंसल
भारत सरकार के नामित निदेशक
Shri Mukesh Kumar Bansal
GOI Nominee Director

श्रीमती पार्वती वी. सुंदरम
भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक
Smt. Parvathy V. Sundaram
RBI Nominee Director

श्री अजय सिंघल
गैर – कार्यकारी निदेशक
Shri Ajay Singhal
Non-Executive Director

श्रीमती सौंदरा कुमार
शेयरधारक निदेशक
Smt. Soundara Kumar
Shareholder Director

श्री श्रीनिवासन श्रीधर
शेयरधारक निदेशक
Shri Srinivasan Sridhar
Shareholder Director

श्री आलोक वाजपेयी
शेयरधारक निदेशक
Shri Alok Vajpeyi
Shareholder Director

मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ)	CVO
श्री दीक्षित सुरेंद्र कुमार	MR. DIXIT SURENDRA KUMAR
प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी - पूर्णकालिक निदेशकों के अलावा)	**KEY MANAGERIAL PERSONNEL (KMP – OTHER THAN WHOLE TIME DIRECTORS)**
श्री डिसूज़ा इयान गेरार्ड मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ)	**MR. DESOUZA IAN GERARD** CHIEF FINANCIAL OFFICER (CFO)
श्री एल श्रीधर इनुमेल्ला वी महाप्रबंधक - निदेशक मंडल के सचिव	**MR. L SRIDHAR INUMELLA V** GENERAL MANAGER - SECRETARY TO BOARD
श्री पी के अग्रवाल कंपनी सचिव (सीएस)	**MR. P K AGARWAL** COMPANY SECRETARY (CS)
मुख्य समूह अनुपालन अधिकारी (सीजीसीओ)	**CHIEF GROUP COMPLIANCE OFFICER (CGCO)**
श्री एलंगो बालासुब्रमण्यम	MR. ELANGO BALASUBRAMANIAM
मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ)	**CHIEF RISK OFFICER (CRO)**
श्री एस अनंतरामन	MR. S ANANTHARAMAN
मुख्य महाप्रबंधक / महाप्रबंधक / वर्टिकल प्रमुख	**CGMs / GMs / VERTICAL HEADS**
श्री मल्होत्रा राजेश	MR. MALHOTRA RAJESH
श्री पुरुषोत्तम	MR. PURSHOTAM
श्री राठी प्रकाश वीर	MR. RATHI PRAKASH VIR
श्री एम जगन मोहन	MR. M JAGAN MOHAN
श्री चोपड़ा जेठा नंद	MR. CHOPRA JETHA NAND
श्री डोभाल संजीव	MR. DOBHAL SANJEEV
श्री ग्रोवर संजय कुमार	MR. GROVER SANJAY KUMAR
श्री खोसला अजय के	MR. KHOSLA AJAY K
श्री सिंह शैलेन्द्र एच	MR. SINGH SHAILENDRA H
श्री दिनेश पंत	MR. DINESH PANT
श्री गुप्ता मन मोहन	MR. GUPTA MAN MOHAN
श्रीमती पाण्डेय अर्चना	MRS. PANDEY ARCHANA
श्री नामदेव दिनेश कुमार	MR. NAMDEO DINESH KUMAR
श्री एस ए सुदर्शन	MR. S A SUDARSAN
श्री देवरकोंडा आनंद कुमार	MR. DEVARAKONDA ANANDA KUMAR
श्री वेणुगोपाल एन	MR. VENUGOPAL N
श्री गुप्ता अमर नाथ	MR. GUPTA AMAR NATH
श्री बेहरा नित्यानंद	MR. BEHERA NITYANANDA
श्री ग्रोवर देविंदर पाल	MR. GROVER DEVINDER PAL
श्री रंजन निशांत	MR. RANJAN NISHANT
श्री शर्मा प्रभात के	MR. SHARMA PRABHAT K
श्री चौधरी कमलेश कुमार	MR. CHOUDHARY KAMLESH KUMAR
श्री धीरेंद्र सेट्टीपल्ली	MR. DHEERENDRA SETTIPALLI

श्री नायक ए सुधाकर डी	MR. NAYAK A SUDHAKARA D
श्री श्रीजित कोट्टारत्तिल	MR. SREEJITH KOTTARATHIL
श्री कुमार मधुर	MR. KUMAR MADHUR
श्रीमती सचदेव सम्मिता	MRS. SACHDEV SAMMITA
श्री कुमार अश्विनी	MR. KUMAR ASHWINI
श्री डालाकोटी गिरीश सी	MR. DALAKOTI GIRISH C
श्रीमती गायत्री आर	MRS. GHAYATHRI R
श्री सिंह ब्रजेश कुमार	MR. SINGH BRAJESH KUMAR
श्री सिंह सुधांशु कुमार	MR. SINGH SUDHANSHU KUMAR
श्री सीताराम बुलुसु सूर्या	MR. SITARAM BULUSU SURYA
सुश्री केनी सविता दत्तात्रेय	MS. KENI SAVITA DATTATRAYA
श्री बंसल महेश मिठूलाल	MR. BANSAL MAHESH MITHOOLAL
श्री डी दास	MR. D DAS
श्री सुशांत कुमार मोहंती	MR. SUSHANTA KUMAR MOHANTY
श्री सिंह इंदर मोहन	MR. SINGH INDER MOHAN
श्री सोलंकी हर्षदकुमार टी	MR. SOLANKI HARSHADKUMAR T
श्री शर्मा सुनील कुमार	MR. SHARMA SUNIL KUMAR
श्री भगोलीवाल संजय	MR. BHAGOLIWAL SANJAY
श्री चयानी मनोज सुंदर	MR. CHAYANI MANOJ SUNDAR
श्री शुक्ल सौरभ रविशंकर	MR. SHUKLA SAURABH RAVISHANKAR
श्री नेगी रवींद्र सिंह	MR. NEGI RAVINDRA SINGH
सुश्री शेट्टी सुजाया यू	MS. SHETTY SUJAYA U
श्री राव सिद्देला प्रसाद	MR. RAO SIDDELA PRASAD
श्री कौरा मनीष	MR. KAURA MANISH
श्री मित्तल पंकज	MR. MITTAL PANKAJ
सुश्री एम मिनी टी	MS. M MINI T
श्री तुली अमित	MR. TULI AMIT
श्री शंकर आनंद	MR. SHANKER ANAND
श्री तुंगारिया जगदीश कुमार	MR. TUNGARIA JAGDISH KUMAR
श्रीमती कडगटूर शीतल वेंकटेशमूर्त	MRS. KADGATOOR SHEETAL VENKATESMURT
श्री नेगी विमल कुमार	MR. NEGI VIMAL KUMAR
श्री मुखर्जी अमिताभ	MR. MUKHERJEE AMITAVA
श्री जक्कैया लालम	MR. JAKKAIAH LALAM
श्री कुमार राजीव	MR. KUMAR RAJEEV
श्री सरवनकुमार ए	MR. SARAVANAKUMAR A
श्री बसेठा विजय कुमार	MR. BASETHA VIJAY KUMAR
श्री एस रंगराजन	MR. S RENGARAJAN

श्री अग्रवाल रविंदर	MR. AGGARWAL RAVINDER
श्री पाई सुरेश	MR. PAI SURESH
श्रीमती बंदोपाध्याय स्वप्ना	MRS. BANDOPADHAYA SWAPNA
श्री सिंह राजेश कुमार	MR. SINGH RAJESH KUMAR
श्री संजीव	MR. SANJEEV
श्री अनुज भार्गव	MR. ANUJ BHARGAVA
श्री पांडा समीर रंजन	MR. PANDA SAMIRA RANJAN
श्री अग्रवाल योगेश कुमार	MR. AGRAWAL YOGESH KUMAR
श्री टी एन सुरेश	MR. T N SURESH
श्री राठी विनयकुमार सत्यनारायण	MR. RATHI VINAYKUMAR SATYNARAYAN
श्री नेमा राकेश	MR. NEMA RAKESH
श्रीमती सिंह कविता	MRS. SINGH KAVITA
श्री ठाकुर यादव श्रवण	MR. THAKUR YADAV SHRAWAN
श्री लाल सुशील कुमार	MR. LAL SUSHIL KUMAR
श्री एम रवींद्र राय	MR. M RAVINDRA RAI
श्री भुटिया सोनाम शेरिंग	MR. BHUTIA SONAM TSHERING
श्री सिन्हा शैलेंद्र कुमार	MR. SINHA SHAILENDRA KUMAR
श्री ललाई धीरेन महेंद्र	MR. LALAI DHIREN MAHENDRA
श्री तिवारी संजय कुमार	MR. TIWARY SANJAY KUMAR
श्री खन्ना राजेश	MR. KHANNA RAJESH
श्री भैरवरसु मेहर कुमार	MR. BHAIRAVARASU MEHER KUMAR
श्री आर अजयकुमार के	MR. R AJAYAKUMAR K
श्री संजय कुमार सिंह	MR. SANJAY KUMAR SINGH
श्री सोमवंशी वीरेंद्र सूर्यभान	MR. SOMWANSHI VIRENDRA SURYABHAN
श्री सचदेवा सुमित	MR. SACHDEVA SUMIT
लेफ्टिनेंट जनरल सलारिया रणबीर सिंह	LT. GEN. SALARIA RANBIR SINGH
श्री हांडा अखिल	MR. HANDA AKHIL
श्री भट्टाचार्य ध्रुबाशीष	MR. BHATTACHARYA DHRUBASHISH
श्री पटनायक गिरीश	MR. PATNAIK GIRISH
श्री सबनवीस मदन	MR. SABNAVIS MADAN
श्री शिवगुरु टी.टी	MR. SHIVAGURU T T

अध्यक्ष का वक्तव्य

डॉ. हसमुख अढ़िया
अध्यक्ष

प्रिय हितधारको,

मुझे आपके साथ वित्त वर्ष 2022-23 (वि.व. 2023) के दौरान अर्थव्यवस्था, बैंकिंग क्षेत्र में हुई समग्र प्रगति और विशेष रूप से बैंक ऑफ़ बड़ौदा की विकास-यात्रा को साझा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था

वित्तीय वर्ष 2023 की शुरुआत रूस और यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध के साये में हुई। दुनिया ने कोविड-19 महामारी के परिणामस्वरूप उत्पन्न आर्थिक मंदी और कठिनाइयों से धीरे-धीरे उबरना शुरू ही किया था कि इसी बीच रूस और यूक्रेन के बीच भू-राजनीतिक टकराव उत्पन्न हो गया। ये दोनों देश खाद्य और ऊर्जा जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं और इसलिए इन दोनों देशों के बीच युद्ध होने के कारण आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान आया और वैश्विक स्तर पर कॉमोडिटी बाजारों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

इसके बाद ऊर्जा, खाद्यान्न और धातुओं की कीमतें अप्रत्याशित रूप से बढ़ गईं जिससे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ गया है। तत्पश्चात, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय बैंक अपने मौद्रिक नीति संबंधी दृष्टिकोण को सख्त करने के लिए बाध्य हुए। यूएस फेडरल रिज़र्व ने मार्च 2022 से अपनी पॉलिसी दरों में (संचयी आधार पर) 500 आधार अंकों की वृद्धि की है जबकि इसी अवधि के दौरान बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) और यूरोपियन सेंट्रल बैंक (ईसीबी) ने क्रमशः 440 आधार अंक और 370 आधार अंक की वृद्धि की है।

उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं ने भी आर्थिक स्तर पर विभिन्न प्रभावों को महसूस किया। बहुत से देशों में बड़ी मात्रा में पूंजी का बहिर्गमन देखा गया जिससे उनकी घरेलू मुद्राओं के मूल्य पर दबाव बढ़ा। आईएमएफ के अनुसार वैश्विक अर्थव्यवस्था 2021 के 6.3% से घटकर 2022 में 3.4% रह गई है और 2023 में और कम होकर 2.8% तक रहने की उम्मीद है। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भू-राजनैतिक मुद्दों के प्रभाव को दर्शाता है।

घरेलू अर्थव्यवस्था

घरेलू अर्थव्यवस्था की बात करें तो भारतीय अर्थव्यवस्था ने तुलनात्मक रूप से बेहतर कार्यनिष्पादन किया है और उपर्युक्त प्रतिकूल वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के संदर्भ में अपने नीतिपरक निर्णयों के माध्यम से बेहतर स्थिति में है। यह मुख्य रूप से सक्रिय राजकोषीय नीति और विनियामक उपायों के कारण संभव हुआ, जो कोविड-19 महामारी के कारण आर्थिक गतिविधियों में आई मंदी से अर्थव्यवस्था को उबारने के उद्देश्य से पहले से ही किए गए प्रेरक एवं प्रोत्साहन जन्य उपायों के साथ तैयार किए गए थे। इसके अलावा, देश के कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध और उससे संबंधित मामलों पर भारत की त्वरित प्रतिक्रिया ने भी भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ी गिरावट से बचाया।

वित्तीय वर्ष 2023 में भारत की जीडीपी में 7.2% की वृद्धि हुई है जिसे विश्व की अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर वृद्धि माना जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान देश में मुद्रास्फीति (सीपीआई) का स्तर औसतन 6.7% रहा, जो +/- 2% के दायरे के भीतर भारतीय रिज़र्व बैंक के 4% के सीपीआई मुद्रास्फीति लक्ष्य से थोड़ा अधिक है। वर्ष के दौरान मासिक आधार पर मुद्रास्फीति 5.7% से 7.8% के दायरे में रही। भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 5.2% रहने की संभावना व्यक्त की है।

बैंकिंग परिदृश्य

बैंकिंग क्षेत्र के संबंध में यह उल्लेखनीय है कि वैश्विक वित्तीय बाजारों और वैश्विक बैंकिंग संकट के गहन दबावों के बावजूद भारतीय बैंकिंग उद्योग ने इन प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना किया और अपेक्षाकृत बेहतर कार्यनिष्पादन प्रदर्शित किया। भारतीय बैंकिंग उद्योग में पर्याप्त रूप से पूंजी उपलब्ध है और आस्ति आकार, कुल कारोबार और लाभप्रदता की दृष्टि से भी यह सुदृढ़ बनता जा रहा है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति और अपनी विभिन्न विकासात्मक और विनियामक पहलों के माध्यम से बैंकिंग क्षेत्र के संरक्षण के लिए अनेक उपाय किए हैं।

वित्त वर्ष 2023 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक ने रेपो दर में 250 आधार अंकों की वृद्धि करते हुए इसे 4% से 6.50% कर दिया है। यह वृद्धि लंबे समय

तक जारी वैश्विक भू-राजनैतिक तनावों, वस्तुओं की बढ़ी हुई कीमतों, आपूर्ति संबंधी व्यवधानों के बने रहने, वैश्विक वित्तीय स्थितियों के सख्त होने और इसके परिणामस्वरुप बैंकिंग क्षेत्र सहित भारतीय वित्तीय प्रणाली पर इसके प्रभावों के कारण हुई।

नीतिगत दरों को विनियमित करने के अलावा, भारतीय रिज़र्व बैंक ने देश की बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करने और वैश्विक तथा घरेलू आर्थिक समस्याओं से उत्पन्न होने वाली अभूतपूर्व अनिश्चितताओं का सामना करने में बैंकों को सक्षम बनाने के लिए तरलता प्रबंधन, बेहतर गवर्नेंस, बेहतर ग्राहक सेवा, केवाईसी, भुगतान और निपटान प्रणाली, बांड जारी करने इत्यादि क्षेत्रों में कई पहलें की हैं।

इस बीच भारत सरकार ने देश के वित्तीय क्षेत्र और बैंकिंग क्षेत्र को सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए कई नीतिगत प्रोत्साहन प्रदान किए हैं। खनन, विनिर्माण, निर्माण, अवसंरचना, एमएसएमई, कृषि आदि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की निवेश और नीतिगत पहलों ने अर्थव्यवस्था को उबरने और बैंक ऋण की मांग बढ़ाने में मदद की। छोटे कारोबार और कृषि को समर्थन प्रदान करने पर जोर देने के साथ डिजिटल ग्राहक अनुभव और एकीकृत समावेशी बैंकिंग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए ईज रिफॉर्म्स एजेंडा को जारी रखने की दिशा में वित्त वर्ष 2023 में ईज 5.0 (एनहान्स्ड एक्सेस एण्ड सर्विस एक्सिलेंस) की शुरुआत ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।

वित्त वर्ष 2023 के दौरान, बैंक ऋण (खाद्येतर) में वित्त वर्ष 2022 के 8.6% की तुलना में 15.4% की वृद्धि हुई। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमाराशियों में मार्च 2022 के 8.9% की तुलना में मार्च 2023 में 9.6% की वृद्धि हुई। सरकार की पहलों, वित्त वर्ष 2024 के लिए एक दूरदर्शी बजट और भारतीय रिज़र्व बैंक की नीतिगत पहलों को ध्यान में रखते हुए आगामी वित्त वर्ष में भी बैंक के ऋण पोर्टफोलियो में और वृद्धि होने की संभावना है।

वित्त वर्ष 2023 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा का कार्यनिष्पादन

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वित्त वर्ष 2023 में काफी उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन किया है। वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 17% की वृद्धि दर्ज करते हुए बैंक का कुल व्यवसाय बढ़कर ₹21.73 लाख करोड़ हो गया। बैंक का परिचालनगत लाभ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 20% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹26,864 करोड़ रहा। बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2022 के ₹7,272 करोड़ की तुलना में लगभग दोगुना होकर वित्त वर्ष 2023 में ₹14,110 करोड़ रहा।

व्यावसायिक स्तर के साथ-साथ लाभ में हुई उल्लेखनीय वृद्धि दक्षतापूर्ण प्रबंधन की सफलता और इसके मानव बल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिनके समन्वित प्रयासों के फलस्वरूप लाभप्रदता में वृद्धि, आस्ति गुणवत्ता में सुधार और ग्राहक संतुष्टि स्तर में बढोत्तरी हुई है।

शेयरधारकों को लाभांश

मुझे आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बैंक ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रति शेयर ₹5.50 का लाभांश प्रस्तावित किया है, जो बैंक की बढ़ती लाभप्रदता और बेहतर परिचालनगत दक्षता का स्पष्ट द्योतक है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के साथ एक नई डिजिटल दुनिया और पर्यावरण अनुकूल बैंकिंग का अनुभव लें

मुझे आपको यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि आपका बैंक नवीनतम प्रौद्योगिकी पर आधारित उत्पाद एवं सेवाओं की पेशकश करने तथा अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में हमेशा अग्रणी रहा है। हम नवीनतम तकनीक आधारित बैंकिंग को अपनाने में किसी से पीछे नहीं हैं। हमारा मोबाइल बैंकिंग ऐप ''बॉब वर्ल्ड'' बैंकिंग उद्योग में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ ऐप में से एक है। हम लगभग सभी बैंकिंग सेवाएं अपने डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से सुविधाजनक और सुरक्षित तरीके से उपलब्ध करा रहे हैं। हमारा यह दृढ़ विश्वास रहता है कि हमारे ग्राहकों को सदैव सर्वोत्तम बैंकिंग सेवाएं प्राप्त होनी चाहिए और हम इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

बैंक का मानना है कि सफलता का आकलन केवल वित्तीय आंकड़ों के आधार पर ही नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि अर्जित व्यवसाय की गुणवत्ता को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। बैंक अपनी कार्यपद्धति में **पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस (ईएसजी)** घटकों को शामिल करते हुए अपने व्यवसाय मॉडल को बेहतर बनाने की प्रक्रिया में है, जो एक स्थिर व्यावसायिक मॉडल के लिए प्रमुख कारक हैं। ये कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में सहायक होंगे तथा इसके परिणामस्वरूप हमारी ईएसजी रेटिंग भी बेहतर होगी।

दिनांक 21 मई, 2022 को '**हमारी नैतिक आचरण संहिता**' की शुरुआत की गई, जो हमारी इस प्रगति यात्रा में मील का एक नया पत्थर है। हम अपने संस्थान में नैतिकता संबंधी समस्याओं और मुद्दों के समाधान के लिए इस तरह की सुस्पष्ट संहिता को अपनाने और एक संस्थागत प्रणाली विकसित करने की दिशा में अग्रणी संस्थाओं में शामिल होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

आपका बैंक कार्पोरेट गवर्नेंस के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसी प्रत्येक प्रक्रिया के अंतर्गत लगातार श्रेष्ठ प्रर्दशन कर रहा है। उत्कृष्ट कार्पोरेट गवर्नेंस पद्धतियों को अपनाना बैंक के परिचालन का एक अभिन्न हिस्सा है।

आगे की राह

बैंकिंग क्षेत्र अर्थव्यवस्था का केंद्र है जिसके माध्यम से विकासशील क्षेत्रों में निधियों का संचलन होता है। भारत में बैंकिंग कंपनियों के पास तीव्र गति से और सुदृढ़ माहौल में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। आपका बैंक उपलब्ध नवीनतम प्रौद्योगिकी द्वारा समर्थित अपनी व्यावसायिक कार्यनीतियों को अनुकूल बनाते हुए सभी संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। बैंक बाह्य भू-राजनैतिक परिस्थितियों और घरेलू मुद्दों से संबंधित प्रतिकूल परिवर्तनों से उत्पन्न होने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

भविष्य में बैंक, समाज और अपने सभी ग्राहकों की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखेगा, राष्ट्र की प्रगति के लिए विभिन्न सरकारी पहलों का समर्थन

करेगा और अपने हितधारकों की संतुष्टि स्तर को बढ़ाने के लिए अपनी उत्पादकता और लाभप्रदता को अधिकतम स्तर तक बढ़ाने का प्रयास करेगा।

मैं अपने शेयरधारकों और ग्राहकों सहित बैंक के सभी हितधारकों को बैंक के प्रति निरंतर समर्थन और विश्वास बनाए रखने के लिए धन्यवाद देता हूँ। मैं अपने सभी बड़ौदियन साथियों (कर्मचारियों) की ईमानदारी, उत्साह और बैंक एवं इसकी विकास यात्रा के प्रति उनके पूर्ण समर्थन की हार्दिक सराहना करता हूं जिसके फलस्वरूप बैंक उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन करने में सफल रहा। मैं भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य नियामकों को भी उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं। अंत में मैं विशेष रूप से निदेशक मंडल के सभी सदस्यों को उनके मूल्यवान अभिमत और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देता हूं और उनकी सराहना करता हूँ।

मुझे पूरा विश्वास है कि बैंक और अधिक समृद्ध, समावेशी, मजबूत और स्थिर विकास हेतु अपने व्यावसायिक लक्ष्यों और सामाजिक प्रतिबद्धताओं को हासिल करने के लिए निरंतर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन करता रहेगा और आने वाले दिनों और वर्षों में अपने हितधारकों के लिए और सुखद अवसर प्रदान करेगा।

डॉ. हसमुख अढ़िया

अध्यक्ष

CHAIRMAN'S STATEMENT

Dear Stakeholders,

It is my privilege to share with you the overall developments in the economy, banking sector and journey of Bank of Baroda in FY 2022-23 (FY 2023).

Global economy

The Financial Year 2023 started amidst the shadow of war between Russia and Ukraine. The world had gradually started recovering from the economic slowdown and hardships due to the Covid19 pandemic, and it was at this time that geo-political tussle occurred between Russia and Ukraine. These two countries being the key suppliers of major commodities like food and energy, the war between these two countries led to supply chain disruptions and substantial jolt to commodity markets globally.

Following this, the prices of energy, food grains and metals have shot up substantially which has intensified inflationary pressures across advanced economies (AEs) and emerging market economies (EMEs). Subsequently central banks of the major economies were compelled to tighten their monetary policy stances. The US Fed Reserve has increased its policy rates by 500bps (cumulative) since March 2022, while Bank of England (BoE) and European Central Bank (ECB) followed with rate hikes of 440bps and 370bps respectively, during the same period.

The emerging market and developing economies also experienced the shock waves of different wave lengths. Many countries witnessed huge outflow of capital which put pressure on the value of their domestic currencies. According to IMF, the global economy has moderated to 3.4% in 2022 from 6.3% in 2021 and is expected to further come down to 2.8% in 2023. This reflects the severity of geopolitical issues on the global economy.

Domestic economy

Coming to the domestic economy, the Indian economy has comparatively performed well and positioned better through its strategic policy decisions in the context of the adverse global economic scenario as mentioned above. This was mainly because of proactive fiscal policy and regulatory measures which were already aligned to revive the economy with stimulus policy measures in order to come out of the sluggishness in

Dr. Hasmukh Adhia
Chairman

economic activities caused by the Covid-'19 pandemic. Further India's quick response to International issues like the Russia-Ukraine war and related matters through country's diplomatic policies have also helped to safeguard the Indian economy from a free fall to a large extent.

India's GDP growth for the FY 2023 has been registered at 7.2%, which can be considered as a good number as compared with the growth of other economies in the world. Inflation (CPI) level in the country averaged at 6.7% during the FY 2022-23 which is marginally above the RBI's CPI inflation target of 4% within a band of +/- 2%. The inflation on a monthly basis during the year ranged from 5.7% to 7.8%. The RBI has projected CPI inflation at 5.2% for FY2023-24.

Banking scenario

With regard to Banking Sector, despite intensified pressures from the global financial markets and the global banking crisis, it may be noted that Indian Banking industry withstood these adversities and performed relatively well. The Indian banking industry is adequately capitalised and growing healthy in terms of asset size, total business and profitability. The RBI has taken several measures to protect the banking

sector through its monetary policy and through its various Developmental and Regulatory initiatives.

During FY2023, RBI has increased the repo rate by 250bps from 4% to 6.50%. This was in response to prolonged global geopolitical tensions, elevated commodity prices, continued supply bottlenecks, tightening global financial conditions and its consequent impact on the Indian financial system including the banking sector.

Apart from regulating policy rates, RBI has taken a lot of initiatives in the areas of liquidity management, good governance, improving customer service, KYC, Payment and settlement system, issuance of Bonds, etc., to strengthen the Banking system of the country and to enable Banks to withstand the unprecedented uncertainty arising out of the global and domestic economic issues.

In the meantime, the Government of India has come out with many policy stimulus to boost the financial sector and in turn the banking sector of the economy. The government's investments and policy initiatives to spur economic activities in key areas such as mining, manufacturing, construction, infrastructure, MSME, Agriculture etc., helped to revive the economy and to increase demand for Bank credit. Launch of EASE 5.0 (Enhanced Access and Service Excellence) in FY 2023 as a continuation of the EASE Reforms Agenda for the Public Sector Banks, with a focus on digital customer experience and integrated inclusive banking, with emphasis on supporting small business and agriculture, has been a significant contributor in the strengthening of Public Sector Banks.

During FY 2023, Bank credit (non-food) rose by 15.4% as compared with 8.6% in FY 2022. The aggregate deposits of the SCBs grew by 9.6% in March 2023 as compared with 8.9% growth in March 2022. Considering the Government's initiatives, a visionary budget for FY 2024 and the RBI's policy initiatives, the Bank credit is expected to grow further in the coming financial year as well.

Bank of Baroda's performance in FY 2023

Bank of Baroda performed exceptionally well in the financial year 2023. Total Business of the Bank increased to the level of Rs 21.73 lakh crore by registering 17% growth on YoY basis. Operating profit of the Bank reached to Rs 26,864 crore, registering a growth of 20% on a YoY basis. The Net Profit of the Bank has nearly doubled to Rs 14,110 crore in FY 2023 from Rs 7,272 crore in FY 2022.

The impressive growth in business levels as well as in profits reflects the success of efficient management and the commitment of its work force which together improved its profitability, asset quality and customer happiness.

Dividend to the Shareholders

I am happy to inform you that the Bank has proposed a dividend of Rs. 5.50 per share for the financial year ended 31st March 2023, which is a clear signal of the Bank's improving profitability and operational efficiency.

Experience a new Digital World & environment friendly banking with BoB

It is my privilege to inform you that your bank has always been in the forefront to offer its products and services based on the latest technology and keep improving upon its offerings to our customers. We are second to none in adopting the latest technology based banking. Our mobile banking app "bob world" is one of the best in industry. We offer almost all banking services on our digital banking platform in a most convenient and safe way. We strongly believe that our customers always deserve the best and we shall continue to strive for it.

The bank believes that success should not be measured by financials alone, it should also take into account the quality of the business generated. The bank is in the process of revamping its business model by including Environmental, Social and Governance (ESG) elements, the key factors for a sustainable business model, which will help us to reduce the carbon footprints and in turn will improve our ESG ratings.

Another major milestone in our journey is the launch of 'Our Code of Ethics' on 21st May 2022. We are proud to be amongst the pioneers in adopting such an elaborate code and devising an institutional mechanism for handling the ethical concerns and issues in the organisation.

Your bank is committed to adopting best recognised corporate governance practices and is continuously benchmarking itself against each such practice. The adherence to best corporate governance practices is an integral part of the Bank's operations.

Going forward

The banking sector being at the heart of the economy to

channelise money into growth sectors, there is a huge scope for banking companies in India to grow faster and in a healthy fashion. Your bank is all set to tap the potential benefits by streamlining its business strategies backed by latest available technology. The bank is also well prepared to face any challenges arising out of any adverse changes in external geopolitical conditions and domestic issues.

Going forward, the Bank will remain committed to serve the society and all our customers, while supporting the Government's initiatives for the progress of the Nation and maximizing our productivity and profitability to enhance the satisfaction of our stakeholders.

I would like to express my thanks to all stakeholders of the Bank including our shareholders and customers for their continued support and trust in our Bank. I would like to place on record my appreciation for all our Barodian colleagues (employees) for their sincerity, enthusiasm and wholehearted support to the Bank and its growth journey which has helped the bank to perform exceptionally well. I also express my sincere thanks to the Government of India, the Reserve Bank of India and other regulators for their support and guidance. Last but not the least is to place on record my thanks and appreciation to all the Board members for their valuable inputs and guidance.

I firmly believe that the Bank will continue to perform well to achieve its business goals and social commitments for a more prosperous, inclusive, resilient, and sustainable future and will add more happiness to its stake holders in the days and years ahead.

Dr. Hasmukh Adhia
Chairman

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वक्तव्य

संजीव चड्ढा
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रिय हितधारको,

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान बैंक के कार्यनिष्पादन के महत्वपूर्ण बिंदुओं को आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है।

वित्त वर्ष 2023 आपके बैंक के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण वर्ष रहा जिसमें व्यवसाय विकास, लाभप्रदता और आस्ति गुणवत्ता जैसे सभी क्षेत्रों में कार्यनिष्पादन के संदर्भ में व्यापक बदलाव देखने को मिला। सभी क्षेत्रों में न केवल रिकॉर्ड स्तर की उपलब्धि रही बल्कि निरंतर उच्च वृद्धि दर को भी बरकरार रखा गया। बैंक का कुल कारोबार ₹ 20 लाख करोड़ रुपये के मीलस्तंभ को पार कर गया है और शुद्ध लाभ पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुना हो गया है। इसके अलावा, भू-राजनैतिक और घरेलू मोर्चों पर चुनौतियों के बावजूद अर्जन, मार्जिन, लाभप्रदता और आस्ति गुणवत्ता के सभी प्रमुख मानदंडों पर लगातार दूसरे वर्ष भी प्रदर्शन में निरंतरता बनी रही।

वैश्विक अर्थव्यवस्था को मुद्रास्फीति, ब्याज दरों में उच्च वृद्धि, लंबे समय से चली आ रही भू-राजनैतिक अस्थिरता और कोविड-19 के दीर्घकालिक प्रभावों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने इन चुनौतियों का दृढ़तापूर्वक सामना किया है और यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। साथ ही, बैंकों और कॉर्पोरेट दोनों के बेहतर तुलन-पत्रों के साथ भारतीय वित्तीय क्षेत्र सुदृढ़ बना रहा है। इन चुनौतियों के बीच, आपके बैंक ने न केवल अपनी स्थिति को मजबूत किया है बल्कि खर्चों पर प्रभावी नियंत्रण करते हुए और विकास की गति एवं बाजार हिस्सेदारी को बढ़ाकर प्रगति दर्ज की है।

वित्तीय कार्यनिष्पादन

देयता प्रबंधन - लागत को नियंत्रित करते हुए विकास हासिल करना

मुद्रास्फीति के बढ़ते दबावों के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक ने रेपो दरों में 250 आधार अंकों की वृद्धि की और चलनिधि को नियंत्रित किया जिससे जमाराशि दरों पर अत्यधिक दबाव पड़ा और उसका प्रभाव सही मायने में सकारात्मक रहा तथा प्रतिस्पर्धात्मक दबाव में वृद्धि हुई। इन चुनौतियों के बावजूद, आपके बैंक ने जमाराशियों के संदर्भ में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की 9.6% की जमाराशि वृद्धि की तुलना में 15.1% की वृद्धि दर्ज की। आपके बैंक की घरेलू जमाराशियों में 13.0% और अंतर्राष्ट्रीय जमाराशियों में 31.4% की वृद्धि दर्ज की गई वहीं घरेलू मीयादी जमाराशियों में 17% की वृद्धि हुई। बैंक ने चालू जमाराशियों में 9.2% और बचत जमाराशियों में 7.6% की वृद्धि के साथ कासा जमाराशियों पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा जिससे कासा अनुपात 42.25% के स्तर पर रहा। उद्योग स्तर पर जमाराशि में वृद्धि की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हुए भी, सावधानीपूर्वक तैयार मूल्य निर्धारण रणनीति के कारण बैंक की जमा लागत 4.43% पर बनी रही जिसने बेहतर मार्जिन में उल्लेखनीय योगदान दिया।

अग्रिमों की व्यापक आधारीय वृद्धि

ऋण वृद्धि भी न केवल उद्योग स्तर से बेहतर रही बल्कि अंडरराइटिंग मानकों और मार्जिन दोनों पर निरंतर ध्यान केंद्रित करते हुए इसे हासिल किया गया। वित्त वर्ष 2023 में एससीबी के ऋणों में 15.4% की वृद्धि हुई जबकि आपके बैंक ने 18.5% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। चूंकि वर्ष के पहले भाग में हमारे अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों में बेहतर जोखिम समायोजित रिटर्न उपलब्ध थे, घरेलू ऋणों में 16.3% की वृद्धि की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय बही में 29.9% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसके साथ ही, बैंक ने उभरते हुए वैश्विक परिवेश के अनुरूप अपने अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों को मजबूत और पुनर्गठित करना जारी रखा और जोखिमों को प्रबंधित करने, कम प्रतिफल देने वाली आस्तियों को कम करने और लाभप्रदता बढ़ाने के लिए पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित करने पर ध्यान केंद्रित किया। केवल लंदन, संयुक्त अरब अमीरात और न्यूयॉर्क के बाद बैंक के चौथे सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय परिचालन के रूप में आईएफएससी गिफ्ट सिटी, गांधीनगर का शुभारंभ महत्वपूर्ण कदम रहा और हमारे घरेलू ग्राहक आधार, टाइम जोन की आसान पहुंच और आकर्षक विनियामक और कर व्यवस्था गिफ्ट सिटी को बैंक की अंतर्राष्ट्रीय रणनीति का केंद्र बनाएगी, जिससे दक्षता के साथ-साथ विकास में मदद मिलेगी।

घरेलू बही के अंतर्गत बढ़ती ब्याज दरों के बावजूद वाहन ऋण में 24.4%, गृह ऋण में 19.5% और शिक्षा ऋण में 21.8% की वृद्धि के साथ रिटेल सेगमेंट में 26.8% की वृद्धि दर के साथ उद्योग में हम अग्रणी रहे। वैयक्तिक ऋणों के डिजिटलीकरण के परिणामस्वरूप इसमें 101.5% की शानदार वृद्धि दर्ज हुई। कॉर्पोरेट सेगमेंट में भी, जिसमें पिछले वर्ष अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि दर्ज हुई थी, सरकार के बड़े कैपेक्स पुश, बेहतर क्षमता और कार्यशील पूंजी उपयोग के कारण 13.2% की वृद्धि के साथ सुधार हुआ ।

चुनौतियों के बावजूद भी एमएसएमई और कृषि ऋण सेगमेंट क्रमशः 11.7% और 13.2% की वृद्धि के साथ सुदृढ़ रहा ।

बेहतर आस्ति देयता संतुलन

जमाराशियों में हुई वृद्धि की तुलना में ऋण पोर्टफोलियो में बेहतर वृद्धि के कारण आस्ति देयता प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण बना रहा। ब्याज दर चक्र में व्युत्क्रम, जिसकी मुद्रास्फीति के दबावों के निरंतर कम होते जाने के कारण बहुत ही

कम संभावना थी, के मद्देनजर बैंक के बचाव हेतु मीयादी जमाराशियों की वृद्धि को अपेक्षाकृत कम अवशिष्ट परिपक्वता पर लक्षित किया गया। इसके अलावा, 75.3% के घरेलू ऋण जमा अनुपात के साथ, बैंक के पास जमा बाजार में किसी भी अवशिष्ट तंगी की संभावना से बाधित हुए बिना अपने अग्रिमों में वृद्धि को जारी रखने के लिए काफी गुंजाइश है। बैंक का एलसीआर 135.4% के साथ मजबूत बना रहा।

आस्ति गुणवत्ता सुधार - उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन की एक सतत् यात्रा

14.8. न्यायालय के आदेश के कारण मानक के रूप में रखे गए खातों के संबंध में प्रकटीकरण संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के पत्र संख्या 10655/21.04.048/2018-19 दिनांक 21.06.2019 निर्देशों के अनुसार,

IBC-NCLT Provisions

14.5 As per RBI letters no. DBR. No.BP.15199/21.04.048/2016-17 and DBR.No.BP.1906/ 21.04.048/2017-18 dated June 23, 2017 and August 28, 2017 respectively, for the accounts covered under the provisions of Insolvency and Bankruptcy Code (IBC), the Bank is holding total provision of ₹7,336.98 Crore (100% of total outstanding) as on March 31, 2023 (Previous year ₹7,656.31 Crore i.e. 100% of total outstanding)

Unhedged Foreign Currency Exposure (UFCE)

14.6 Based on the available financial statements and the declarations from borrowers, the Bank has estimated the liability for Unhedged Foreign Currency in terms of RBI circular DBOD.No.BP.BC.85/21.06.200/2013-14 dated January 15, 2014 and is holding a provision of ₹ 281.71 Crore as on March 31, 2023.

14.7 In terms of RBI guidelines, Pillar 3 disclosures including leverage ratio, liquidity coverage ratio and Net stable funding ratio (NSFR) under the Basel- III framework are being made available on our website "https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/disclosures-under-basel-iii". These disclosures have not been subjected to audit by Statutory Central Auditors of the Bank.

14.8 As per Directions of RBI vide letter no 10655/21.04.048/2018-19 dated 21.06.2019 disclosure

दो (2) खातों को न्यायालय के आदेशों के अनुसार बैंक द्वारा मानक के रूप में वर्गीकृत किया गया है जिसमें दिनांक 31 मार्च, 2023 तक सकल बकाया ₹ 208.54 करोड़ है जिसके सापेक्ष अप्राप्त ब्याज के प्रावधान सहित आईआरएसीपी मानदंडों के अनुसार बैंक ने 31 मार्च, 2023 तक ₹ 60.03 करोड़ का प्रावधान किया है।

उपरोक्त के अलावा, बैंक ने विवेकपूर्ण आधार पर कुछ दबावग्रस्त मानक अग्रिमों में आईआरएसीपी मानदंडों के अलावा 31.03.2023 तक ₹ 91,346 लाख का अतिरिक्त प्रावधान किया है।

14.9. बैंक ने 11 नवंबर, 2020 के आईबीए संयुक्त नोट के अनुसार कर्मचारियों के लिए पारिवारिक पेंशन में संशोधन के कारण ₹145441 लाख की राशि की अतिरिक्त देयता का अनुमान लगाया है। हालांकि, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने परिपत्र आरबीआई/ 2021-22/ 105 डीओआर.एसीसी.आरईसी.57/21.04.018/2021-22 दिनांक 4 अक्तूबर 2021 के द्वारा बैंकों को प्रत्येक वर्ष व्यय की जाने वाली कुल राशि के न्यूनतम 1/5 भाग के अधीन वित्तीय वर्ष 2021-22 की शुरुआत के साथ 5 (पांच) वर्ष की अवधि तक की अतिरिक्त देयता को परिशोधित करने की अनुमति दी है। बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के उक्त प्रावधान का विकल्प चुना और तदनुसार, 31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए लाभ और हानि खाते में ₹ 290.88 करोड़ की राशि प्रभारित की है और ₹872.65 करोड़ के गैर परिशोधित व्यय को आगे कैरी फॉर्वर्ड किया है। यदि बैंक ने लाभ और हानि खाते के लिए संपूर्ण अतिरिक्त देयता को प्रभारित किया होता, तो 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए शुद्ध लाभ (कर के बाद) ₹ 653.00 करोड़ कम होता।

14.10. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के तहत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को भुगतान।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को देय मूल राशि या ब्याज के भुगतान में देरी का कोई मामला रिपोर्ट नहीं किया गया है, अत: एमएसएमई को विलंबित भुगतान पर ब्याज के भुगतान के लिए प्रकटीकरण लागू नहीं है । सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से संबंधित विवरण प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे और जिसे हमने आधार बनाया है ।

14.11 भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र आरबीआई/2015-16/376 डीबीआर सं. बीपी.बीसी.92/21.04.048 /2015-16 दिनांक 18 अप्रैल, 2016 के अनुसार बैंक ने चार तिमाहियों की अवधि में धोखाधड़ी के लिए देयता प्रदान करने का विकल्प चुना है। तदनुसार, 31 मार्च, 2023 तक कैरी फॉरवर्ड प्रावधान, ₹ 13.59 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 9.32 करोड़ था) है, जिसे बैंक द्वारा आगामी तिमाहियों में परिशोधित किया जाएगा ।

14.12 'अग्रिमों की पुनर्संरचना-सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र' (एक बारगी पुनर्संरचना) संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रांक डीबीआर.सं.बीपी.बीसी 18/21.04.048/2018-19 दिनांक 01.01.2019, परिपत्रांक डीओआर.संख्या.बीपी.बीसी.34/21.04.048/2019-20 दिनांक 11.02.2020 एवं परिपत्रांक डीओआर.संख्या.बीपी.बीसी/4/21.04.048/2020-21 दिनांक 06.08.2020 के अनुसार, 31.03.2023 को एमएसएमई पुनर्संरचित उधारकर्ताओं के विवरण निम्नानुसार हैं:

with respect to accounts kept as standard due to the Court order 2 (Two) accounts are classified as Standard as per Court orders, with aggregate outstanding of ₹ 208.54 Crore as on March 31, 2023, against which the Bank is holding provision of ₹60.03 Crores as on March 31, 2023 as per IRAC norms, including provision for unrealized interest.

Apart from above, the Bank is holding additional provision of ₹91,346 lakhs as of March 31, 2023 over and above the IRAC norms in certain stressed standard advances on prudent basis.

14.9 Bank has estimated the additional liability on account of revision in family pension for employees as per IBA Joint Note dated November 11, 2020, amounting to ₹145441 lakhs. However, RBI vide their Circular RBI/2021-22/105 DOR.ACC.REC.57/21.04.018/2021-22 dated 4th October 2021, has permitted Banks to amortize the said additional liability over a period of not exceeding 5 (five) years, beginning with financial year 2021-22, subject to a minimum of 1/5th of the total amount being expensed every year. Bank has opted the said provision of RBI and accordingly charged an amount of ₹290.88 Crores to the Profit & Loss account for the year ended March 31, 2023 and the balance unamortized expense of ₹872.65 Crore has been carried forward. Had the Bank charged the entire additional liability to the Profit and Loss Account, the net profit (after tax) for the year ended March 31, 2023 would have been lower by ₹653.00 Crores.

14.10 Payment to Micro, Small & Medium Enterprises under the Micro, Small & Medium Enterprises Development Act, 2006.

There have been no reported cases of delayed payments of the principal amount or interest due thereon to Micro, Small & Medium Enterprises and hence disclosure for payment of interest on delayed payments to MSME is not applicable. The details regarding Micro, Small and Medium Enterprises has been provided by the Management and relied upon by us.

14.11 As per the RBI circular no. RBI/2015-16/376 DBR No. BP.BC.92/21.04.048/2015-16 dated April 18, 2016 the Bank has opted to provide the liability for frauds over a period of four quarters. Accordingly, the carry forward provision as on March 31, 2023 is ₹13.59 Crores (Previous Year ₹9.32 Crores) which is to be amortised in the subsequent quarters by the Bank.

14.12 In accordance with RBI Circular No. DBR.No.BP.BC.18/21.04.048/2018-19 dated 01.01.2019, RBI circular No DOR. No. BP. BC. 34/21.04.048/2019-20 dated 11.02.2020 & RBI circular No DOR. No. BP. BC/4/21.04.048/2020-21 dated 06.08.2020 on 'Restructuring of Advances - Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) Sector (One Time Restructuring), the details of MSME restructured borrowers as on 31.03.2023 is as under:

(राशि ₹ करोड़ में)

खातों की संख्या	31.03.2023 को राशि
77,593	5,569.12

14.13 निपटान फ्रेमवर्क 2.0-सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रांक डीओआर.एसटीआर. आरईसी.12/21.04.048/2021-22 दिनांक 05.05.2021 एवं परिपत्रांक डीओआर.एसटीआर.आरईसी.21/21.04.048/2021-22 दिनांक 04.06.2021 के अनुसार पुनर्संरचित खातों के विवरण निम्नानुसार हैं:

(राशि ₹ करोड़ में)

ऋणधारकों की संख्या	राशि	किया गया प्रावधान
12385	1443.16	237.94

14.14 निपटान फ्रेमवर्क - 2.0: व्यक्तियों और लघु व्यवसाय के कोविड-19 संबंधी दबाव का निपटान" संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं. डीओआर.एसटीआर.आरईसी.11/21.04.048/2021-22 दिनांक 05.05.2021 के अनुसार, ऐसे उधारकर्ता खातों की संख्या जहां संशोधन अनुमोदित और क्रियान्वित किया गया और ऐसे उधारकर्ताओं के लिए कुल एक्सपोजर निम्नानुसार हैं: -

(राशि ₹ करोड़ में)

ऋणधारकों की संख्या	राशि
5895	557.57

14.15 प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण प्रमाणपत्र (पीएसएलसी)-खरीद-बिक्री

(Amount in ₹ Cr)

No of Accounts	Amount as on 31.03.2023
77,593	5,569.12

14.13 In accordance with RBI circular No DOR.STR. REC.12/21.04.048/2021-22 dated 05.05.2021 & RBI circular No DOR.STR.REC.21/21.04.048/2021-22 dated 04.06.2021 on Resolution Framework 2.0 – Resolution of Covid-19 related stress of Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs), the details of accounts restructured is as under.

(Amount in ₹ Cr)

No of Borrowers	Amount	Provision Held
12385	1443.16	237.94

14.14. In accordance with the RBI Cir.No.DOR.STR. REC.11/21.04.048/2021-22 dated 05.05.2021 on "Resolution Framework -2.0 : Resolution of COVID-19 related stress of individual and small business" ,the number of borrower accounts where modification were sanctioned and implemented and the aggregate exposure to such borrowers as on 31.03.2023 is as under:

(Amount in ₹ Cr)

No of Borrowers	Amount
5895	557.57

14.15 Priority Sector Lending Certificate (PSLCs): Purchase-Sale

(राशि ₹ करोड़ में) (Amount in ₹ Cr)

क्र.सं. Sr. No.	श्रेणी Category	वित्त वर्ष 2022-23 FY 2022-23		वित्त वर्ष 2021-22 FY 2021-22	
		खरीद Purchase	बिक्री Sale	खरीद Purchase	बिक्री Sale
1.	पीएसएलसी सूक्ष्म उद्यम PSLC Micro Enterprises	-	-	-	1,000.00
2.	पीएसएलसी कृषि PSLC Agriculture	-	-	-	-
3.	पीएसएलसी सामान्य PSLC General	-	-	-	-
4	पीएसएलसी लघु एवं सीमांत किसान PSLC Small and Marginal Farmers	-	1,000.00	3,500.00	-
5.	एमएसएमई MSME	-		-	-
	कुल Total	**-**	**1,000.00**	**3,500.00**	**1,000.00**

14.16 अनुषंगी नैनीताल बैंक लिमिटेड के मामले में, अनुषंगी और मूल प्रबंधन ने कोर बैंकिंग समाधान, ऋण हानियों का वर्गीकरण एवं पहचान और अन्य पर्यवेक्षी कार्यों के क्षेत्र में विभिन्न नियामक निर्देशों के अनुसार अपेक्षित नियंत्रण में सुधार के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। मूल बैंक का प्रबंधन समूह की वित्तीय स्थिति पर इससे उत्पन्न होने वाले किसी भी महत्वपूर्ण प्रभाव का अनुमान नहीं करता है।

14.17 बैंकों द्वारा अनुमोदित पुनर्मूल्यांकन नीति के अनुसार, अचल संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन बैंक के अनुमोदित मूल्यांकनकर्ताओं की पुनर्मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर किया जाता है और पुनर्मूल्यांकन राशि ₹ शून्य से उत्पन्न अधिशेष को चालू वर्ष के दौरान "पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधि" में जोड़ा गया है । साथ ही, एस-28 "आस्ति की हानि" के संदर्भ में ₹1.43 करोड़ लाभ और हानि खाते में डेबिट किए गए हैं, जिसमें वर्तमान मूल्य संपत्ति की लागत से कम है ।

14.18. बैंक ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही/ वर्ष के लिए वित्तीय परिणाम को तैयार करने में 31 मार्च, 2022 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष के समान ही लेखांकन नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करना जारी रखा है। बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान आईसीएआई (जीएन) द्वारा जारी डेरीवेटिव संविदाओं के लिए लेखांकन पर मार्गदर्शन नोट के अनुसार बैंक के अंतरराष्ट्रीय टेरीटरीज द्वारा किए गए विदेशी निवेशों के संबंध में डेरीवेटिव संविदाओं के लिए हेज लेखांकन और विदेशी शाखाओं में निवल निवेश के लिए बकाया पूंजी हेजिंग सौदों के संबंध में हेज लेखांकन को लागू किया है। अब तक, अर्थात् वित्तीय वर्ष 2021-22 तक, ऐसी संविदाओं का लेखांकन लेखा मानक-11 के अनुसार किया जाता था। 'विदेशी मुद्रा दरों में प्रभारों के प्रभाव' आईसीएफआई द्वारा जारी किया गया ।

इस परिवर्तन के परिणामस्वरूप वर्ष के लिए लाभ ₹60.26 करोड़ अधिक है।

14.16 In the case of one of the subsidiary Nainital Bank Limited, the management of the subsidiary and the Parent has initiated various steps to improve the controls required as per various regulatory directions in the area of core Banking solution, classification and identification of loan losses and other supervisory functions. The management of Parent Bank does not foresee any material impact over the Group Financial position arising out of the same.

14.17 In terms of Banks approved revaluation policy, The immovable properties are revalued based on the revaluation reports of Bank's approved valuers and the surplus arising from revaluation amounts to ₹ NIL has been added to "Revaluation Reserve" during the current year. Also in terms of AS - 28 "Impairment of Assets" ₹1.43 Crores has been debited to Profit & Loss account wherein current value is less than cost of the property.

14.18 The Bank has continued to follow the same accounting policies and practices in preparation of financial results for the quarter / year ended March 31, 2023 as followed in the previous financial year ended March 31, 2022. The Bank had, during the current financial year implemented the Hedge accounting for derivative contracts in respect of overseas investments made by International territories of the Bank and in respect of outstanding capital hedging deals towards net investments in overseas branches in accordance with the Guidance Note on Accounting for derivative contracts issued by ICAI (GN). Hitherto, i.e. up to financial year 2021-22, the accounting for such contracts was being done as per Accounting Standard-11. "The effects of charges in foreign exchange rates" issued by ICAI.

Consequent to this change, the profit for the year is higher by ₹60.26 Crore.

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह विवरण-पत्र
Statement of Consolidated Cash Flow for the year ended 31st March, 2023

(₹ लाख में) (₹ in Lakhs)

				31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2023	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2022
ए.	परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह :	A.	Cash flow from operating activities:		
	कर पूर्व निवल लाभ		**Net Profit before taxes**	**20,78,187**	**10,15,776**
	निम्नलिखित के लिए समायोजन:		Adjustments for:		
	अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास		Depreciation on fixed assets	2,03,186	1,43,824
	निवेशों पर मूल्यह्रास (परिपक्व डिबेंचरों सहित)		Depreciation on investments (including on Matured debentures)	1,70,310	56,687
	बट्टे खाते में डाले गए अशोध्य ऋण/ अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान		Bad debts written-off/Provision in respect of non-performing assets	4,55,080	14,81,469
	मानक आस्तियों के लिए प्रावधान		Provision for Standard Assets	54,695	(2,66,173)
	अन्य मदों के लिए प्रावधान (निवल)		Provision for Other items (Net)	2,82,595	1,39,780
	अचल आस्तियों की बिक्री से (लाभ) हानि (निवल)		(Profit)/loss on sale of fixed assets (Net)	(1,433)	(423)
	बॉन्ड पर ब्याज हेतु भुगतान/ प्रावधान		Payment/provision for interest on bonds	1,93,520	1,95,799
	अनुषंगियों/ अन्य से प्राप्त लाभांश		Dividend received from subsidiaries/others	-	(646)
	उप योग		**Sub total**	**34,36,140**	**27,66,093**
	निम्नलिखित के लिए समायोजन:		Adjustments for:		
	निवेशों में (वृद्धि) / कमी		(Increase)/Decrease in investments	(51,29,323)	(66,04,857)
	अग्रिमों में (वृद्धि) / कमी		(Increase)/Decrease in advances	(1,70,92,169)	(88,85,338)
	अन्य आस्तियों में (वृद्धि) / कमी		(Increase)/Decrease in other assets	1,18,396	4,54,388
	उधार-राशियों में वृद्धि / (कमी)		Increase/(Decrease)in borrowings	70,835	37,62,417
	जमाराशियों में वृद्धि / (कमी)		Increase/(Decrease) in deposits	1,58,87,756	79,89,463
	अन्य देयताओं तथा प्रावधानों में वृद्धि / (कमी)		Increase/(Decrease) in other liabilities and provisions	11,43,106	12,39,657
	प्रदत्त प्रत्यक्ष कर (रिफंड का निवल)		Direct taxes paid (Net of Refund)	(5,61,796)	(1,00,788)
	परिचालन गतिविधियों (ए) (में प्रयुक्त)/ से निवल नकदी प्रवाह		**Net cash flow from /(used in) operating activities (A)**	**(21,27,055)**	**6,21,035**
बी.	निवेश संबंधी गतिविधियों से नकदी प्रवाह :	B.	Cash flow from investing activities:		
	अचल आस्तियों की खरीद/ अंतरण		Purchase/Transfer in of fixed assets	(98,296)	(3,16,288)
	अचल आस्तियों में से बिक्री/ अंतरण		Sale/ Transfer out of fixed assets	19,670	(24,225)
	व्यापार संबंधी निवेशों में परिवर्तन (अनुषंगी एवं अन्य)		Changes in Trade related investments (Subsidiaries & others)	(31,000)	(24,640)
	अनुषंगियों/ अन्य से प्राप्त लाभांश		Dividend received from subsidiaries/others	-	646
	निवेश संबंधी गतिविधियों (बी) (में प्रयुक्त)/ से निवल नकदी प्रवाह		**Net cash flow from /(used in) investing activities (B)**	**(1,09,626)**	**(3,64,507)**

(₹ लाख में) (₹ in Lakhs)

				31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2023	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2022
सी.	**वित्तपोषण संबंधी गतिविधियों से नकदी प्रवाह :**	C.	**Cash flow from financing activities:**		
	गैर-जमानती गौण बॉन्ड		Unsecured Subordinated Bonds	(2,32,430)	63,860
	प्रदत्त लाभांश		Dividend paid	(1,46,570)	-
	बॉन्ड पर ब्याज हेतु भुगतान/ प्रावधान		Payment/provision for interest on bonds	(1,93,520)	(1,95,799)
	माइनोरिटी ब्याज में वृद्धि/(कमी)		Increase/(Decrease) in Minority Interest	23,680	32,158
	वित्तपोषण गतिविधियों (सी) (में प्रयुक्त)/ से निवल नकदी प्रवाह		**Net cash flow from /(used in) financing activities (C)**	**(5,48,840)**	**(99,781)**
	नकदी एवं नकदी समतुल्य (ए)+(बी)+(सी) में निवल वृद्धि/(कमी)		**Net increase/(decrease) in cash & cash equivalents (A)+(B)+(C)**	**(27,85,521)**	**1,56,747**
	वर्ष के आरंभ में नकदी एवं नकदी समतुल्य		**Cash and cash equivalents as at the beginning of the year**	**1,30,22,860**	**1,28,66,113**
	वर्ष के अंत में नकदी एवं नकदी समतुल्य		**Cash and cash equivalents as at the end of the year**	**1,02,37,339**	**1,30,22,860**

टिप्पणी: **Notes:**

1 नकदी एवं नकदी समतुल्य में बैंक के पास नकदी, भा.रि.बैं. तथा अन्य बैंकों के पास शेष और मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि शामिल है.

1 Cash & Cash equivalents includes Cash on hand, Balance with RBI & Other banks and Money at call and Short Notice.

				31 मार्च, 2023 को As on 31st March 2023	31 मार्च, 2022 को As on 31st March 2022
2	नकदी तथा नकदी समतुल्य के घटक	2	Components of Cash & Cash Equivalents		
	भा.रि.बैं. के पास नकदी एवं शेष राशि		Cash & Balance with RBI	56,69,621	72,77,494
	बैंकों के पास शेष राशि तथा मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि		Balances with Banks and Money at Call and Short Notice	45,67,718	57,45,366
	कुल		**Total**	**1,02,37,339**	**1,30,22,860**

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

प्रति,

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सदस्यगण

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा पर रिपोर्ट

राय

1. हमने **बैंक ऑफ़ बड़ौदा** (''मूल संस्था''/''बैंक'') और इसकी अनुषंगियों (मूल संस्था और इसकी अनुषंगियां मिलकर "समूह" के रूप में संदर्भित), इसकी सहयोगी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है जिसमें 31 मार्च, 2023 का समेकित तुलन-पत्र, समेकित लाभ और हानि खाता और समाप्त वर्ष हेतु समेकित नकदी प्रवाह विवरणी और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और अन्य विवरणात्मक जानकारी सहित समेकित वित्तीय विवरणियों (इसके बाद ''**समेकित वित्तीय विवरण**'' के रूप में संदर्भित) संबंधी नोट का समावेश है जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं-

ए) बैंक की लेखा परीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणी;

बी) 7 घरेलू अनुषंगियों, 4 विदेशी अनुषंगियों, 1 घरेलू संयुक्त उद्यम, 2 घरेलू सहयोगी संस्थाओं की लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणी और

सी) 1 घरेलू अनुषंगी, 3 विदेशी अनुषंगियों, 1 विदेशी संयुक्त उद्यम, 1 घरेलू सहयोगी और 1 विदेशी सहयोगी की अलेखा परीक्षित वित्तीय विवरणी/वित्तीय जानकारी ।

हमारी राय एवं हमारी सर्वोत्तम जानकारी में और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार तथा प्रबंधन द्वारा उपलब्ध करवाए गए अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों के अलग-अलग वित्तीय विवरणों, अलेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों और अनुषंगियों एवं सहयोगियों की अन्य वित्तीय सूचनाओं पर अन्य लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के विचार के आधार पर उपर्युक्त समेकित वित्तीय विवरणी बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक ("आरबीआई") द्वारा जारी परिपत्रों, दिशानिर्देशों एवं निदेशों ("आरबीआई दिशानिर्देश") तथा लागू लेखांकन मानकों के अनुसार समूह और इनकी सहयोगी संस्थाओं एवं संयुक्त उद्यमों के लिए अपेक्षित जानकारी उपलब्ध कराते हैं और ये भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप हैं तथा इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

ए) 31 मार्च, 2023 तक समूह और इसकी सहयोगी संस्थाओं तथा संयुक्त उद्यमों से संबंधित समेकित तुलन पत्र के मामले में सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण;

बी) उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए समेकित लाभ एवं हानि खाते के मामले में समूह और इसकी सहयोगी संस्थाओं तथा संयुक्त उद्यमों का वास्तविक लाभ; और

सी) उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह विवरणी के मामले में समूह और इसकी सहयोगी संस्थाओं तथा संयुक्त उद्यमों के नकदी प्रवाह का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण ।

राय हेतु आधार

2. हमने अपनी लेखा परीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों ("एसए") के अनुसार की है । उन लेखा परीक्षा मानकों के अंतर्गत हमारे उत्तरदायित्व हमारी रिपोर्ट के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा हेतु लेखापरीक्षकों के उत्तरदायित्व अनुभाग में विस्तृत रूप से वर्णित हैं । हम उन नैतिक आवश्यकताओं के साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी "नैतिक आचरण संहिता" के अनुसार समूह और इनकी सहयोगी संस्थाओं तथा संयुक्त उद्यमों से स्वतंत्र हैं जो भारत में समान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक होने के साथ-साथ लागू लेखा मानक और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए परिपत्रों और दिशानिर्देशों के अनुसार हमारे लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं और हमने इन आवश्यकताओं के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है । हमारा विश्वास है कि जो लेखा परीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं वे हमारी राय को आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हैं ।

विषयवस्तु का प्रभाव

3. हम आपका ध्यान निम्नलिखित की ओर आकर्षित करते हैं:

ए) अनुसूची 19 की नोट सं. 14.9 जो ₹1454.41 करोड़ की पारिवारिक पेंशन की राशि में संशोधन के कारण अतिरिक्त देयता के परिशोधन से संबंधित है । बैंक ने दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लाभ एवं हानि खाते में ₹290.88 करोड़ की राशि प्रभारित की है और ₹872.65 करोड़ के अपरिशोधित व्यय को भारतीय रिज़र्व बैंक की परिपत्र सं. आरबीआई/2021-22/105 डीओआर.एसीसी.आरईसी.57/21.04.018/2021-22 दिनांक 4 अक्तूबर, 2021 के अनुसार शामिल किया है ।

बी) अनुसूची 19 की नोट सं. 14.11 जो दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान निर्धारित कुछ धोखाधड़ी संबंधी खातों से संबंधित ₹13.59 करोड़ के प्रावधानों के आस्थगन से संबंधित है और इसे भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र डीबीआर नं. बीपी.बीसी. 92/21.04.048/ 2015-16 दिनांक 18 अप्रैल, 2016 के संबंध में अगली तिमाहियों में लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाना है ।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय में संशोधन नहीं है ।

4. लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दे

हमारे पेशेवर निर्णय के अनुसार लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दे वे मुद्दे हैं जो चालू अवधि के समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण रहे । इन मुद्दों को समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संबंध में और इस पर हमारी राय बनाने में पूर्ण उल्लेख किया गया था तथा हम इन मुद्दों में अलग से राय नहीं देते हैं । हमने नीचे वर्णित मामलों को संबंधित संघटक लेखापरीक्षकों द्वारा

रिपोर्ट किए गए लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दों के साथ-साथ प्रिंसिपल लेखापरीक्षकों द्वारा निर्धारित किए गए लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दों के संदर्भ में हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित किए जाने वाले लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दों के रूप में निर्धारित किया है, जो हमारी राय में महत्वपूर्ण हैं ।

I. अग्रिमों का वर्गीकरण, आय की गणना, गैर-निष्पादक अग्रिमों की पहचान और उनके लिए प्रावधान करना (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 18 के नोट 4 के साथ पठित अनुसूची 9 का संदर्भ लें)

बैंक का निवल अग्रिम कुल आस्तियों का 63.15% है जो वित्तीय विवरणों का एक महत्वपूर्ण भाग है । ये अन्य बातों के साथ-साथ आय की गणना, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण (आईआरएसीपी) संबंधी मानदंडों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी अन्य परिपत्रों और निदेशों द्वारा शासित होते हैं, जो विदेशी कार्यालयों को छोड़कर, निष्पादक अग्रिमों और गैर-निष्पादक अग्रिमों (एनपीए) के वर्गीकरण से संबंधित दिशानिर्देश प्रदान करते हैं । विदेशों में अग्रिमों का वर्गीकरण और इनके लिए प्रावधान स्थानीय विनियमों या भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों, जो भी अधिक सख्त हों, के अनुसार किया जाता है । बैंक इन अग्रिमों का वर्गीकरण अपनी लागू लेखांकन नीति के अनुसार आईआरएसीपी मानदंडों के आधार पर करता है।

निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों की पहचान में उचित पद्धति स्थापित करना शामिल है । बैंक अपनी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली (आईटी सिस्टम) अर्थात् कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) में अग्रिमों से संबंधित सभी लेनदेनों का रख- रखाव करता है जो इस बात की भी पहचान करता है कि अग्रिम निष्पादक है या गैर-निष्पादक ।

भारतीय रिज़र्व बैंक ("आरबीआई") द्वारा जारी अग्रिमों से संबंधित आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण से संबंधित विवेकपूर्ण मानदंडों का पालन करने के अलावा बैंक के पास अनर्जक आस्तियों पर प्रावधान करने के लिए भी कुछ नीतियां हैं ।

व्यक्तिगत या समेकित रूप से आईआरएसीपी मानदंडों का उचित रूप से अनुपालन न किए जाने पर इन अग्रिमों के वहन मूल्य (प्रावधानों का निवल) की अधिक गलत बयानी हो सकती है ।

साथ ही, बैंक ऐसे एक्सपोजर से संबंधित प्रावधान करता है जो कुछ सेक्टरों के लिए अग्रिमों और निर्धारित अग्रिमों या समूह अग्रिमों सहित एनपीए के रूप में निर्धारित नहीं की जाती हैं ।

लेन-देन के स्वरूप, विनियामक अपेक्षाओं, मौजूदा व्यावसायिक परिवेश, प्रतिभूतियों के आकलन में शामिल अनुमान/ निर्णय और प्रावधानों की गणना पर विचार करते हुए यह स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के अभिप्रेत उपयोगकर्ताओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण मुद्दा हो जाता है ।

इसके अलावा, आहरण शक्ति की गणना, प्रतिभूति मूल्यांकन के लिए थर्ड पार्टी, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विभिन्न दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधानों की गणना, पुनर्संरचित अग्रिमों के लिए मूल्य में कमी की गणना और गैर-निष्पादक अग्रिमों सहित ब्याज आय के निर्धारण के लिए उधारकर्ताओं और अग्रणी बैंक द्वारा प्रस्तुत डेटा पर निर्भरता के कारण हमने उपर्युक्त क्षेत्र को प्रमुख लेखा परीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है ।

लेखापरीक्षकों की प्रतिक्रियाएँ

प्रमुख लेखा परीक्षा प्रक्रिया

हमने अनर्जक आस्तियों की पहचान करने और इनके लिए प्रावधान करने हेतु बैंक की प्रणाली का मूल्यांकन किया । हमारे लेखा परीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों की डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण तथा मूल परीक्षण निम्नानुसार शामिल थे:

ए) हमने अनर्जक आस्तियों के निर्धारण, मूल प्रक्रिया के स्वरूप, समय और सीमा के निर्धारण संबंधी प्रावधान से संबंधित भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों और इससे संबंधित बैंक की नीतियों के अनुपालन में सम्मिलित प्रणाली में स्थापित नियंत्रणों, जांच बिन्दु और बैलेंस के बारे में बैंक से जानकारी हासिल की और तदनुसार अपनी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं की योजना बनाई ।

बी) हमने हमें आबंटित शीर्ष 20 शाखाओं के संबंध में आईआरएसीपी मानदंडों के अनुसार आय की पहचान, निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों में वर्गीकरण और प्रावधान करने के लिए सिस्टम में डेटा इनपुट की सटीकता की जांच की है । हमें आबंटित शाखाओं में मूल प्रक्रिया करने के दौरान हमने बड़े अग्रिमों/ दबावग्रस्त अग्रिमों की जांच की है और बैंक प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए गए स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं की मूल्यांकन रिपोर्टों की समीक्षा सहित अन्य अग्रिमों की जांच नमूना आधार पर की गई है ।

सी) बैंक की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार आंतरिक लेखा परीक्षा, सिस्टम लेखा परीक्षा, ऋण लेखा परीक्षा और समवर्ती लेखा परीक्षा जैसे निगरानी तंत्र की मौजूदगी और प्रभावशीलता की जांच की गई ।

डी) शाखाओं से प्राप्त विवरणियों जो लेखा परीक्षा के अधीन नहीं है, को आधार बनाया गया है और इस संबंध में हमें उपलब्ध कराए गए नमूना डेटा की सटीकता को सुनिश्चित करने के लिए बैंक के आंतरिक निगरानी तंत्र/ प्रणाली की समीक्षा की गई और अपनी लेखा परीक्षा प्रक्रिया के दौरान पाए गए उन अपवादों/ विचलनों/त्रुटियों जिन पर बैंक द्वारा पर्याप्त रूप से विचार किया गया था, को सुनिश्चित किया गया ।

ई) समय-समय पर जारी भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक आस्तियों की पहचान और प्रावधानीकरण और आय के सापेक्ष रिवर्सल की जांच की गई.

एफ) एनपीए की पहचान और भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार आवश्यक प्रावधान की पर्याप्तता के उद्देश्य से प्रबंधन के अनुमानों और निर्णयों का मूल्यांकन और परीक्षण किया गया ।

जी) भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार बैंक द्वारा क्रियान्वित आस्ति वर्गीकरण की स्वचालित आईटी आधारित प्रणाली की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया ।

एच) हमने बैंक द्वारा चयनित अन्य घरेलू और विदेशी शाखाओं के लिए शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा किए गए कार्य को भी आधार बनाया है ।

आई) हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के दौरान पाए गए अपवादों का विधिवत सुधार करना सुनिश्चित किया गया ।

II. सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वित्तीय रिपोर्टिंग को प्रभावित करने वाले नियंत्रण

बैंक की वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग प्रणाली कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) और सीबीएस से जुड़ी या स्वतंत्र रूप से संचालित अन्य आईटी प्रणालियों के प्रभावी कार्य करने पर अत्यधिक निर्भर हैं। हमारा ध्यान सिस्टम में फीड करने, डेटा की शुद्धता और विश्वसनीयता, एक्सेस प्रबंधन और ड्यूटी के विभाजन के तर्क पर केन्द्रित रहा है। ये अंतर्निहित सिद्धांत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे सुनिश्चित करते हैं कि ऐप्लिकेशन और डेटा में परिवर्तन उचित, प्राधिकृत, स्पष्ट और निगरानी में हैं, ताकि सिस्टम सटीक और विश्वसनीय रिपोर्ट/ रिटर्न और अन्य वित्तीय और गैर-वित्तीय जानकारी तैयार कर सके जो वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए उपयोग में लायी जाती हैं ।

वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली का उपयोग किया जाता है । बैंक की परिचालन और वित्तीय प्रक्रियाएं दैनिक आधार पर व्यापक मात्रा जनरेट करती हैं और विविध एवं जटिल लेनदेन की प्रक्रिया संपादित करती हैं जो आईटी सिस्टम पर अत्यधिक निर्भर हैं । यह एक ऐसा जोखिम हो सकता है जिसे स्वचालित लेखांकन प्रक्रियाओं और संबंधित आंतरिक नियंत्रणों को सटीक रूप से डिजाइन और प्रभावी ढंग से परिचालित न किया गया हो । अतः इसे एक प्रमुख लेखा परीक्षा मामला माना जाता है ।

लेखापरीक्षकों की प्रतिक्रियाएँ

प्रमुख लेखा परीक्षा प्रक्रिया

हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में प्रमुख आईटी ऐप्लिकेशनों का मूल्यांकन और पहचान शामिल है और टेस्ट परीक्षण के आधार पर सिस्टम से जनरेट की गई रिपोर्ट/ रिटर्न और अन्य वित्तीय एवं गैर-वित्तीय जानकारी के आधार पर आईटी सिस्टम की डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का सत्यापन, परीक्षण और समीक्षा करना शामिल है । हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

ए) लेखा परीक्षा अवधि के दौरान बैंक के आईटी नियंत्रित वातावरण और प्रमुख बदलावों जो लेखा परीक्षा के लिए उपयुक्त हो सकते हैं, को समझा है ।

बी) टेस्ट परीक्षण के आधार पर ऐसे ऐप्लिकेशन, एक्सेस नियंत्रणों सहित बैंक के आईटी नियंत्रणों जो वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए महत्वपूर्ण हैं, की डिजाइन, क्रियान्वयन और परिचालन प्रभावशीलता की समीक्षा की गई।

सी) जहां हमने अतिरिक्त प्रक्रियाओं को करने का निर्णय लिया, वहां हम मैन्युअल वैकल्पिक नियंत्रणों पर निर्भर रहे जैसे कि प्रणालियों और सूचना के अन्य स्रोतों के बीच रिकंसिलेशन या अतिरिक्त जांच करना; पर्याप्त और उपयुक्त लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमने नमूने के आकार को विस्तार दिया है ।

डी) सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्य और शाखा लेखा परीक्षा के आधार पर पास की गई सुधार प्रविष्टियों (एमओसी) को आधार बनाया गया ।

ई) बाह्य वेंडरों की निरीक्षण रिपोर्ट जहां कहीं भी उपलब्ध कराया गया है, को आधार बनाया गया ।

एफ) आईएस लेखा परीक्षा रिपोर्टों की समीक्षा की गई और प्रमुख आईटी नियंत्रणों सहित अनुपालन के संबंध में आईटी विभाग के साथ चर्चा कि गई।

III निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान और उनके लिए प्रावधान (वित्तीय विवरणों की अनसूची 18 के नोट 3 के साथ पठित अनुसूची 8)

इस निवेश में विभिन्न सरकारी प्रतिभूतियों, बांडों, डिबेंचरों, शेयरों, प्रतिभूति रसीदों तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में बैंक द्वारा किए गए निवेश शामिल हैं ।

निवेश बैंक की कुल संपत्ति का 26.05% है. ये भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निर्देशों द्वारा नियंत्रित होते हैं । भारतीय रिज़र्व बैंक के इन निर्देश में अन्य बातों के साथ-साथ निवेशों का मूल्यांकन, निवेशों का वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान, आय की तदनुरूपी अमान्यता और इसके प्रति प्रावधान शामिल हैं ।

गैर-उद्धृत निवेशों और कमजोर कारोबार वाले निवेश का मूल्यांकन बाजार में उतार-चढ़ाव, बेहतर कीमतों की अनुपलब्धता और व्यापक आर्थिक अनिश्चितता के कारण अंतर्निहित जोखिम का क्षेत्र है ।

तदनुसार, हमारी लेखा परीक्षा निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान और निवेशों से संबंधित प्रावधानों पर केंद्रित रही ।

उपर्युक्त प्रतिभूतियों की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए परिपत्रों और निदेशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाता है जिसमें विभिन्न स्रोतों जैसे एफआईबीआईएल दरें, बीएसई/ एनएसई द्वारा उद्धृत दरें, असूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण आदि से डेटा/ सूचना का संग्रहण शामिल है ।

मूल्यांकन, लेनदेनों की मात्रा, धारित निवेश और विनियामक फोकस की गंभीरता में शामिल निर्णय की जटिलताओं और सीमा को ध्यान में रखते हुए इसे एक प्रमुख लेखा परीक्षा मुद्दे के रूप में निर्धारित किया गया है ।

लेखापरीक्षकों की प्रतिक्रियाएँ

प्रमुख लेखा परीक्षा प्रक्रिया

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारतीय रिज़र्व बैंक) के परिपत्रों/ निदेशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारे लेखा परीक्षा संबंधी दृष्टिकोण में मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों (एनपीआई) की पहचान, निवेशों से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में आंतरिक नियंत्रण और मूल लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है।

ट्रेजरी की लेखा परीक्षा के संबंध में हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रिया निम्नलिखित पर केंद्रित है -

ए) हमने मूल्यांकन, वर्गीकरण, एनपीआई की पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया है और उसे समझा है।

बी) धारित निवेश के चयनित नमूने के लिए हमने भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्रों और प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी के लिए पुनः कार्यनिष्पादन कर मूल्यांकन संबंधी निदेशों के साथ इनकी सटीकता और अनुपालन की जांच की है । नमूनों का चयन यह सुनिश्चित करने के बाद किया गया कि निवेश की सभी श्रेणियां (प्रतिभूति के स्वरूप के आधार पर) नमूनों में शामिल हैं;

सी) भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों के आधार पर अथवा अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं के आधार पर गैर-उद्धृत निवेशों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन परीक्षण किया गया है ।

डी) हमने एनपीआई की पहचान की प्रक्रिया और आय के सापेक्ष रिवर्सल एवं प्रावधानों के सृजन का आकलन और मूल्यांकन किया है;

ई) हमने स्वतंत्र रूप से भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निदेशों के अनुसार प्रदान किए जाने वाले प्रावधान को बनाए रखने और मूल्यह्रास की फिर से गणना करने के लिए महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को अपनाया है । तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूनों का चयन किया और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीआई संबंधी परीक्षण किया और एनपीआई के उन चयनित नमूनों को भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र के अनुसार बनाए रखने के प्रावधानों की पुन: गणना की है;

IV. कुछ मुकदमों के संबंध में प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं का मूल्यांकन, अन्य पक्षों द्वारा दायर किए गए विभिन्न दावों को कर्ज के रूप में स्वीकार नहीं किया गया (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 17 के नोट 15 के साथ पठित अनुसूची 12):

बैंक ने उक्त संबंध में दायर दावों पर प्रश्न उठाए हैं जिनमें कर और गैर-कर मामलों में विभिन्न स्तरों पर लंबित मामले शामिल हैं जो विभिन्न न्यायालयों में/ मंचों पर लंबित हैं और न्यायिक प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं। प्रबंधन ने ऐसे मामलों में संभावित आउट फ्लो का मूल्यांकन करने में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है ।

प्रावधान के स्तर का अनुमान लगाने में उच्च स्तर के निर्णय की आवश्यकता होती है । बैंक का मूल्यांकन मामले के तथ्यों, उनके अपने निर्णय, पिछले अनुभव और विधिक तथा स्वतंत्र कर सलाहकारों के परामर्श, जहाँ भी आवश्यक हो, से समर्थित है । तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक द्वारा रिपोर्ट किए गए लाभ और तुलन-पत्र में प्रस्तुत मामलों की स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं ।

हमने इन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को देखते हुए उपर्युक्त क्षेत्र को प्रमुख लेखा परीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है जिसके लिए कानून की व्याख्या में निर्णय के अनुपालन की आवश्यकता होती है। तदनुसार, हमारी लेखा परीक्षा विचाराधीन विषय-वस्तु के तथ्यों का विश्लेषण करने और संबद्ध निर्णय/ विधिक व्याख्या पर केंद्रित थी ।

लेखा परीक्षक की प्रतिक्रियाएं

मुख्य लेखा परीक्षा प्रक्रिया

ए) हमने डिजाइन की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया है और कर संबंधी मुकदमे के मामलों के संदर्भ में प्रबंधन के नियंत्रणों की प्रभावशीलता की जांच की है ।

बी) हमने विवादों के संभावित आउट फ्लो और संभावित निष्कर्षों के अनुमान के लिए प्रबंधन की अंतर्निहित धारणा की समीक्षा की है । इन अनिश्चित कर/ कर से इतर स्थितियों पर प्रबंधन की स्थिति का मूल्यांकन करते समय विधिक अधिमानों और अन्य नियमों पर विचार किया गया है ।

सी) इसके अलावा, संभावित आउट फ्लो के लिए प्रबंधन के निर्णयों, औद्योगिक स्तर की विवेचना और अनुमानों तथा ऐसी विवादित कर स्थितियों के संबंध में कंपनी के आंतरिक विशेषज्ञों के मतों को हमने आधार बनाया है ।

डी) कर से इतर महत्वपूर्ण विवादित मामलों के लिए प्रबंधन द्वारा किए गए चयनित मुख्य संप्रेषणों, आंतरिक/बाह्य विधिक मतों/ परामर्शों को पढ़ा और विश्लेषित किया है ।

इ) बैंक/ अन्य कॉर्पोरेट के ऐसे समान मामलों में जहां कहीं भी विधिक निर्णय उपलब्ध थे उन्हें समीक्षित और सत्यापित किया गया है ।

एफ) उपयुक्त वरिष्ठ प्रबंधन से चर्चा की और प्रावधानों के अनुमान में प्रबंधन के अंतर्निहित मुख्य धारणाओं का मूल्यांकन किया है ।

जी) कर से इतर विवादित मामलों में संभावित निष्कर्ष के प्रबंधन के अनुमान का आकलन किया है और ऐसे मामलों में प्रबंधन के निर्णय को आधार बनाया है।

एच) सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा किए गए कार्य और शाखा लेखापरीक्षा के आधार पर पारित सुधार प्रविष्टियां / प्रधान कार्यालय में उपलब्ध अतिरिक्त जानकारी पर निर्भरता ।

5. अन्य मामले

ए) हमने 11 अनुषंगियों और 01 संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/ वित्तीय जानकारी दिनांक 31 मार्च, 2023 तक ₹63256.79 करोड़ की कुल आस्ति, ₹11714.73 करोड़ के कुल राजस्व और 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए ₹297.50 करोड़ का निवल नकदी इनफ्लो को दर्शाते हैं, जैसा कि समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है। समेकित वित्तीय विवरणों में दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के

लिए समूह का ₹256.93 करोड़ के निवल लाभ का हिस्सा भी शामिल है, जैसा कि 2 सहयोगियों के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है, जिनके वित्तीय विवरणों की हमारे द्वारा लेखापरीक्षा नहीं की गई है। इन वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं की लेखापरीक्षा अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत की गई है और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय, जहां तक यह इन अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों के संबंध में शामिल राशियों और प्रकटीकरणों से संबंधित है, पूरी तरह से ऐसे लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

विदेशी अनुषंगियों के मामले में, वित्तीय सूचना उनके संबंधित देशों में सामान्यत: स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार तैयार की गई है और उनके संबंधित देशों में लागू सामान्यत: स्वीकृत लेखा परीक्षा मानकों के तहत अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित की गई है। कंपनी के प्रबंधन ने ऐसी अनुषंगियों की वित्तीय सूचना को उनके संबंधित देशों में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों से भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों में रूपांतरित किया है और इन रूपांतरण समायोजनों की अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा की गई है। जहां तक भारत के बाहर स्थित ऐसी अनुषंगियों के बकाया शेष का संबंध है, हमारी राय अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और कंपनी के प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए और अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित रूपांतरण समायोजन पर आधारित है।

बी) हमने 4 अनुषंगियों और 01 संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/ वित्तीय जानकारी दिनांक 31 मार्च, 2023 तक ₹11252.43 करोड़ की कुल आस्ति, ₹425.69 करोड़ के कुल राजस्व और दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए ₹336.09 करोड़ के निवल नकदी आउटफ्लो को दर्शाते हैं, जैसा कि समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है। समेकित वित्तीय विवरणों में दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए समूह का ₹60.41 करोड़ के निवल लाभ/ (हानि) का हिस्सा भी शामिल है, जैसा कि 2 सहयोगियों के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है, जिनके वित्तीय विवरणों की हमारे द्वारा लेखापरीक्षा नहीं की गई है। ये समेकित वित्तीय विवरण अलेखापरीक्षित हैं और हमें प्रबंधन द्वारा प्रदान किए गए हैं और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय, जहां तक इन अनुषंगियों, सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों के संबंध में शामिल राशि और प्रकटीकरण का संबंध है, पूरी तरह से ऐसे अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं पर आधारित है। हमारी राय में तथा प्रबंधन द्वारा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, ये वित्तीय विवरण/ वित्तीय सूचना समूह के लिए प्रासंगिक नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय और नीचे दी गई अन्य विधिक और विनियामक आवश्यकताओं पर हमारी रिपोर्ट, उपरोक्त मामलों के संबंध में किए गए कार्यों और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और प्रबंधन द्वारा प्रमाणित वित्तीय विवरणों पर हमारी निर्भरता के संबंध में संशोधित नहीं है।

सी) इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, अनुषंगी कंपनी, के स्वतंत्र लेखापरीक्षकों ने दिनांक 09 मई, 2023 की अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में एक अपरिवर्तित राय व्यक्त की है और 'अन्य मामले' खंड में रिपोर्ट किया है कि मौजूदा चालू जीवन बीमा पॉलिसी और पॉलिसी जहां प्रीमियम बंद कर दिया गया है, के लिए बीमांकिक मूल्यांकन की देयताएँ कंपनी के नियुक्त एक्चुअरी ("अपॉइंटेड एक्चुअरी") की जिम्मेदारी है। चालू लाइफ़ पॉलिसियों और उन पॉलिसियों जिनके संबंध में प्रीमियम बंद कर दिया गया है, लेकिन देयता 31 मार्च, 2023 तक मौजूद है, के लिए इन देयताओं के बीमांकिक मूल्यांकन को नियुक्त बीमांकक द्वारा विधिवत प्रमाणित किया गया है, और उनकी राय में ऐसे मूल्यांकन के लिए अनुमान प्राधिकरण की सहमति से भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ('आईआरडीएआई'/प्राधिकरण) और भारतीय बीमांकक संस्थान द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और मानदंडों के अनुसार हैं। हमने इस संबंध में नियुक्त बीमांकिक के प्रमाण पत्र पर भरोसा किया है ताकि मौजूदा जारी जीवन बीमा पॉलिसी के लिए और उन पॉलिसियों के लिए देयताओं के मूल्यांकन, जिनके संबंध में प्रीमियम बंद कर दिया गया है लेकिन देयता कंपनी के वित्तीय विवरणों में शामिल है, पर हमारी राय बनाई जा सके।

डी) 31 मार्च, 2022 को समाप्त पिछले वर्ष के लिए बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों का लेखा-परीक्षा संयुक्त केंद्रीय सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया था, जिनमें से दो पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा फर्म हैं और उन्होंने 31 मई, 2022 की अपनी रिपोर्ट के माध्यम से ऐसे वित्तीय विवरणों पर अपरिवर्तित राय व्यक्त की है।

उपर्युक्त मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरण और उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट से इतर अन्य जानकारियां

6. बैंक का निदेशक मण्डल अन्य जानकारी उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट (लेकिन इसमें समेकित वित्तीय विवरणों और लेखा परीक्षक रिपोर्ट शामिल नहीं है) शामिल है, जो हमें लेखापरीक्षक रिपोर्ट, निदेशक मंडल की रिपोर्ट, मुख्य वित्तीय सूचक और शेयरधारकों की जानकारी जारी होने के समय प्राप्त होती है तथा जिसे इस रिपोर्ट की तारीख के बाद हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारी और बासेल III के तहत पिलर 3 प्रकटीकरण को कवर नहीं करती है और हम उस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन नहीं देंगे।

समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी उपरोक्त निर्धारित अन्य जानकारी का अध्ययन करना और ऐसा करते समय यह विचार करना है कि क्या वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी वस्तुत: असंगत है या हमारे द्वारा लेखा परीक्षा के समय या अन्यथा प्राप्त जानकारी वस्तुतः गलत प्रतीत होती है।

यदि अन्य जानकारी जो कि लेखा परीक्षा की तारीख से पहले प्राप्त हो

चुकी थी और हमारे द्वारा उस पर निष्पादित कार्य के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अन्य जानकारियों में वस्तुनिष्ठ अशुद्धियां शामिल हैं, तो हमें तथ्यों को रिपोर्ट में शामिल करने की आवश्यकता होगी। इस संबंध में हमें कोई रिपोर्ट नहीं करना है।

जब हम निदेशक मंडल की रिपोर्ट, मुख्य वित्तीय सूचक और शेयर धारकों की जानकारी को पढ़ते हैं और हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि उसमें कुछ वस्तुनिष्ठ अशुद्धियां हैं, तो हमें इस मामले को उन्हें अवगत कराने की आवश्यकता होती है जिन्हें गवर्नेंस का प्रभार दिया गया है।

समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन एवं गवर्नेंस के प्रभारी व्यक्तियों की जवाबदेही

7. बैंक का निदेशक मण्डल, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 और समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी परिपत्रों एवं दिशानिर्देशों तथा भारत में सामान्यतः स्वीकार्य लेखांकन मानकों सहित विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों के अनुरूप इन समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिए जवाबदेह है, जो समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय कार्यनिषादन और समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के कैश फ्लो का सही एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों में सम्मिलित संस्थाओं के संबंधित निदेशक मंडल समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों की आस्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ियों और अन्य विसंगतियों की पहचान एवं उनके निवारण के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्डों के साथ-साथ उचित लेखांकन नीतियों का चयन एवं उनके उपयोग, निर्णय लेने और यह अनुमान लगाने कि ये व्यावहारिक और विवेकपूर्ण हो तथा वित्तीय विवरणों को तैयार करने और उनकी प्रस्तुति से संबंधित लेखांकन रिकॉर्डों की त्रुटिहीनता और पूर्णता के लिए प्रभावी रूप से परिचालित आंतरिक नियंत्रणों की डिजाइन, कार्यान्वयन एवं रखरखाव भी समाहित है, जो सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं और धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण भौतिक मिथ्याकथन से मुक्त हैं, जिसे उपरोक्तानुसार बैंक के निदेशकों द्वारा समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने के उद्देश्य से प्रयोग किया है, के लिए जवाबदेह हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने में समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों में शामिल संस्थान के संबंधित निदेशक मण्डल कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने की समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के संस्थान की योग्यता का मूल्यांकन करने, कार्यशील संस्था से संबंधित विषयों के यथालागू प्रकटीकरण करने, लेखांकन के लिए कार्यशील संस्था आधार का उपयोग करने के लिए जवाबदेह है जबतक कि प्रबंधन का इरादा समूह के संस्थान को लिक्विडेट करने या परिचालन समाप्त करने का न हो या ऐसा न करने के लिए कोई वास्तविक विकल्प न हो।

समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों में शामिल संस्थानों के संबंधित निदेशक मण्डल समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों की वित्तीय रिपोर्टिंग की प्रक्रिया का निगरानी करने के लिए भी जवाबदेह हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

8. हमारा उद्देश्य यह भरोसा दिलाना है कि समेकित वित्तीय विवरणों में धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण कोई मिथ्या कथन न हो और ऐसी लेखा परीक्षा रिपोर्ट जारी हो जिसमें हमारी राय शामिल हो। उचित भरोसा एक उच्च स्तर का भरोसा होता है लेकिन यह कोई गारंटी नहीं है कि लेखांकन मानकों के अनुरूप की गई लेखा परीक्षा में पहले से मौजूद भौतिक मिथ्या कथन की हमेशा पहचान हो जाए। धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण मिथ्या कथन दृष्टिगोचर होता है और इसे महत्वपूर्ण तब माना जाएगा जब यह संभावना हो कि यह अकेले या समग्र रूप से इन समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए आर्थिक निर्णयों को प्रभावित कर सकता है।

लेखांकन मानकों के अनुरूप लेखापरीक्षा के एक भाग के रूप में हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरी लेखापरीक्षा के दौरान पेशेवर संशयवाद को बनाए रखते हैं। हम :

- समेकित वित्तीय विवरणियों में धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण उत्पन्न हुए महत्वपूर्ण मिथ्या कथन की पहचान और मूल्यांकन, उन जोखिमों के लिए उत्तरदायी प्रक्रियाओं की डिजाइन और कार्यनिषादन तथा हमारी राय को उचित आधार प्रदान करने के लिए लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं। धोखाधड़ी के कारण उत्पन्न हुए महत्वपूर्ण मिथ्या कथनों को न पहचानने का जोखिम त्रुटि के कारण उत्पन्न हुए जोखिम से ज्यादा बड़ा है, क्योंकि धोखाधड़ी में सांठ-गांठ, जानबूझकर छोड़ी गयी त्रुटियाँ, गलत बयानी या आंतरिक नियंत्रणों का उल्लंघन शामिल हो सकता है।
- लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों पर विचार भी करते हैं ताकि लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को इस तरह से डिजाइन किया जा सके जो परिस्थितियों के हिसाब से उचित हो।
- प्रबंधन द्वारा उपयोग में लाई गई लेखांकन नीतियों की सटीकता और लेखांकन अनुमानों एवं उससे संबंधित प्रकटीकरणों का मूल्यांकन करते हैं।
- प्रबंधन के कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने संबंधी लेखांकन आधार को उपयोग करने के औचित्य का निपटान और प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों के आधार पर इसका पता लगाने का काम भी करते हैं कि क्या घटनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है या वैसी परिस्थितियाँ बनी हैं जिनमें कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने की समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के संस्थान की योग्यता पर सार्थक संदेह व्यक्त किया जा सके। यदि हम निष्कर्ष निकालें कि भौतिक अनिश्चितता की संभावना है तो हमें अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में समेकित वित्तीय विवरणों से संबंधित इस तरह के प्रकटीकरणों की ओर ध्यान आकर्षित कराने की आवश्यकता है अथवा क्या इस तरह के प्रकटीकरण हमारी राय को बदलने के लिए पर्याप्त नहीं है। हमारा निष्कर्ष लेखापरीक्षा की

तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों पर आधारित है। तथापि, भविष्य की घटनाएं या परिस्थितियां समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के संस्थान के कार्यशील संस्था के रूप में परिचालन को बंद करने का कारण बन सकती हैं।

- प्रकटीकरण सहित समेकित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना एवं विषयवस्तु का तथा इस बात का मूल्यांकन करना कि समेकित वित्तीय विवरणों में बुनियादी लेनदेन और घटनाओं की निष्पक्ष प्रस्तुति की जा सके।
- समेकित वित्तीय विवरणों पर एक राय व्यक्त करने के लिए समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के भीतर ऐसी संस्थाओं या व्यवसाय की गतिविधियों की वित्तीय सूचना पर पर्याप्त और उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करना। हम समेकित वित्तीय विवरण में शामिल ऐसी संस्थाओं की वित्तीय सूचना की लेखा परीक्षा की दिशा, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए उत्तरदायी हैं, जिनके लिए हम स्वतंत्र लेखा परीक्षक हैं। समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल अन्य संस्थानों के लिए, जिन्हें अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा जांचा गया है, उनकी दिशा, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए वैसे अन्य लेखा परीक्षक ही जवाबदेह होंगे। हम केवल अपनी लेखापरीक्षा राय के लिए ही उत्तरदायी हैं।

वस्तुनिष्ठता, समेकित वित्तीय विवरणों में मिथ्या कथन का वह प्रभाव है, जो व्यक्तिगत या समग्र रूप से यह संभावित करता है कि समेकित वित्तीय विवरणों के तर्कसंगत जानकार यूजर के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित किया जा सकता है। हम (i) अपने लेखापरीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने; तथा (ii) समेकित वित्तीय विवरणों में किन्हीं भी निर्धारित मिथ्या कथनों के प्रभाव का मूल्यांकन करने में परिमाणात्मक वस्तुनिष्ठता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम अन्य बातों के साथ-साथ लेखापरीक्षा की योजनाबद्ध विस्तार एवं उसके समय का निर्धारण जिसमें आंतरिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण कोई कमियों सहित महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों, जिसकी लेखापरीक्षा के दौरान हमने पहचान की है, के संबंध में गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों को सूचित करते हैं।

i. Significant changes in internal control over financial reporting during the year.

ii. Significant changes in accounting policies during the year and that the same have been disclosed in the notes to the financial statements and

iii. Instances of significant fraud of which we have become aware and the involvement therein, if any, of the management or an employee having a significant role in the Bank's internal control system over financial reporting.

Ian Desouza
Chief Financial Officer

Sanjiv Chadha
Managing Director & CEO

Date : 16.05.2023
Place : Mumbai

लाभांश संवितरण नीति

सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 [इसके बाद सेबी (एलओडीआर) विनियम के रूप में संदर्भित] के विनियम 43ए के अनुसार, बाजार पूंजीकरण 'जिसकी गणना प्रत्येक वित्त वर्ष के 31 मार्च को की जाती है' के आधार पर शीर्ष 1000 सूचीबद्ध संस्थाओं को एक लाभांश संवितरण नीति तैयार करने की आवश्यकता होती है जिसे सूचीबद्ध संस्था की वेबसाइट पर प्रकट किया जाएगा और उनकी वार्षिक रिपोर्ट में एक वेब-लिंक भी दिया जाएगा। इससे निवेशकों को इन हाई प्रोफाइल कंपनियों में निवेश करते समय तथ्यों के आधार पर निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

हमारा बैंक, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के तहत गठित एक राष्ट्रीयकृत बैंक है और इसलिए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) एवं भारत सरकार द्वारा जारी लाभांश के संबंध में दिशानिर्देशों जिनको नीति में विधिवत शामिल किया गया है, का अनुपालन करना हमसे अपेक्षित है।

उद्देश्य

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के शेयरधारक बैंक में शेयर-पूंजी में उनके निवेश पर दो तरीकों से प्रतिफल अर्जित करते हैं:

(1) शेयर की कीमत में वृद्धि के परिणामस्वरूप पूंजीगत मूल्यवृद्धि, एवं

(2) आवधिक लाभांश के रूप में नकद प्रतिफल।

बैंक मानता है कि शेयरधारकों को अपनी चलनिधि आवश्यकताओं संबंधी पूर्ति के लिए आवधिक लाभांश की आवश्यकता होती है। साथ ही, लाभांश का भुगतान बैंक की भावी संभावनाओं के संकेत के रूप में देखा जाता है। बैंक का यह प्रयास रहता है कि अतिरिक्त नकद राशि अपने शेयरधारकों में संवितरित की जाए।

सामान्यतया, बैंक लाभजनक वर्षों में लाभांश का भुगतान करने की अपेक्षा करते हैं। कितनी राशि लाभांश के रूप में संवितरित की जाए, इसका निर्णय निम्नलिखित सहित कई तथ्यों को ध्यान में लेते हुए किया जाता है:

(ए) बैंक का वर्तमान और भविष्य का वित्तीय कार्य-निष्पादन,

(बी) भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विनिर्दिष्ट पूंजी पर्याप्तता संबंधी आवश्यकताएं

(सी) बैंक की निवेश एवं विस्तार की योजना, और

(डी) उसके शेयरधारकों की अपेक्षाएं।

चूंकि बैंक वैश्विक आधार पर परिचालन कर रहा है, उसके लाभांश संबंधी निर्णय घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक एवं वित्तीय स्थितियों और नियामक-आवश्यकताओं पर आधारित होता है।

लाभांश की घोषणा हेतु पात्रता मानदंड:

प्रतिधारित अर्जन का उपयोग बैंक की पूंजीगत आवश्यकताओं तथा अपने निवेश के वित्तपोषण एवं विस्तार संबंधी गतिविधियों के लिए किया जाता है। प्रतिधारित अर्जन अनपेक्षित घटनाओं के संबंध में कुशन भी उपलब्ध कराता है। बैंक निवेश की मांग के साथ उचित नकद प्रतिफल हेतु शेयरधारकों की आवश्यकता के साथ संतुलन का प्रयास करता है।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने परिपत्र सं आरबीआई/2004-05/451; डीबीओडी.नं. बीपी. बीसी. 88/21.02.067/2004-05 दिनांक 04 मई, 2005 के माध्यम से सभी बैंकों के लिए लाभांश के भुगतान के संबंध में अन्य के साथ-साथ निम्नलिखित पात्रता शर्तें निर्धारित की हैं:

1) लाभांश का भुगतान चालू वर्ष के लाभ में से ही किया जाएगा।

2) बैंक के पास निम्नलिखित होने चाहिए:

ए) पूरे किए गए दो वर्षों के लिए तथा जिस वर्ष के लिए वह लाभांश घोषित करने की प्रक्रिया करता है उस वर्ष के लिए कम से कम 9% का पूंजी से जोखिम वेटेड आस्ति अनुपात (सीआरएआर) तथा

बैंक के लिए 2.5% का पूंजी संरक्षण बफर बनाए रखना आवश्यक है, जिसमें सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी शामिल है जो 9% क विनियामक न्यूनतम पूंजी आवश्यकता के अतिरिक्त है। जब भी बफर 2.5% से कम होता है, तो अर्जन के विवेकाधीन संवितरण (उदाहरण के लिए, लाभांश, शेयर बायबैक और विवेकाधीन स्टाफ बोनस भुगतान) पर स्वत: प्रतिबंध लगाए जाएंगे ताकि बफर/पूंजी स्तर को न्यूनतम आवश्यकताओं के लिए फिर से उपयुक्त किया जा सके।

और

बी) निवल एनपीए (अनर्जक आस्तियां) 7% से कम।

यदि बैंक उपर्युक्त सीआरएआर मानदंड को पूरा नहीं कर रहा है, परंतु जिस लेखांकन वर्ष के लिए वह लाभांश घोषित करने की प्रक्रिया करता है, उस वर्ष के लिए उसका सीआरएआर कम से कम 9% है, तो वह लाभांश घोषित करने के लिए पात्र होगा बशर्ते उसका निवल एनपीए अनुपात 5% से कम हो।

3) बैंक को बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 **की धारा 15 (लाभांश के भुगतान पर प्रतिबंध)** एवं 17 (लाभांश की घोषणा से पहले निधि आरक्षित करने हेतु लाभ के हिस्से का न्यूनतम 25% अंतरण) के प्रावधानों का अनुपालन करना चाहिए।[1]

---

[1]***धारा 15 - लाभांश के भुगतान के बारे में प्रतिबंध***

[(1)] कोई भी बैंककारी कंपनी अपने शेयरों पर तब तक किसी लाभांश का भुगतान नहीं करेगी, जब तक कि उसके सभी पूंजीगत व्यय (जिनके अंतर्गत प्रारंभिक व्यय, संगठन व्यय, शेयर-विक्रय कमीशन, ब्रोकरेज, उपगत हानियों की राशि तथा व्यय की कोई ऐसी अन्य मद जिन्हें मूर्त आस्तियां द्वारा दर्शाया नहीं गया है) पूरी तरह से बट्टे खाते न डाल दिए गए हों।

[(2)] उपधारा (1) या कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी कोई बैंककारी कंपनी निम्नलिखित को बट्टे खाते डाले बिना अपने शेयरों पर लाभांश दे सकेगी।

(i) अनुमोदित प्रतिभूतियों में उसके निवेशों के मूल्य में मूल्यह्रास, यदि कोई हो, उस दशा में जिसमें ऐसा मूल्यह्रास वस्तुत: पूंजीकृत नहीं किया गया है या हानि के रूप अन्यथा लेखांकन में नहीं लिया गया है;

(ii) शेयरों, डिबेंचर या बॉण्ड (अनुमोदित प्रतिभूतियों से भिन्न) में उनके निवेशों के मूल्य में मूल्यह्रास, यदि कोई हो, उस दशा में जिसमें ऐसे मूल्यह्रास के लिए उपयुक्त प्रावधान बैंककारी कंपनी के लेखापरीक्षक के संतोष के अनुरूप कर दिया गया है;

(iii) अशोध्य ऋण, यदि कोई हों, उस दशा में, जिसमें ऐसे ऋणों के लिए उपयुक्त प्रावधान बैंककारी कंपनी के लेखापरीक्षक के संतोष के अनुरूप कर दिया गया है।"

धारा 17 - प्रारक्षित निधि

"(1) भारत में निगमित प्रत्येक बैंककारी कंपनी एक प्रारक्षित निधि सृजित करेगी तथा धारा 29 के अधीन तैयार किए गए लाभ-हानि खाते में प्रकट किए गए अनुसार प्रत्येक वर्ष के लाभ के शेष में से तथा लाभांश घोषित किए जाने के पूर्व न्यूनतम, ऐसे लाभ के बीस प्रतिशत के बराबर राशि प्रारक्षित निधि को अंतरित करेगी।"

वित्तीय विवरणियों के प्रस्तुतीकरण और प्रकटीकरण संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेश दिनांक 30 अगस्त 2021 (11.10.2022 को अद्यतन) के अनुरूप लेखा मानक-26 के अनुपालन में बैंकों के तुलन पत्र में मान्य और शामिल अमूर्त आस्तियां, बैंकिंग विनियमन (बीआर) अधिनियम, 1949 की धारा 15 (1) के प्रावधानों की ओर संकेत करती हैं, जिसके अनुरूप बैंकों को तब तक किसी भी लाभांश की घोषणा करने से प्रतिबंधित किया गया है, जब तक कि तुलन पत्र में शामिल मूर्त आस्तियों में किसी व्यय को शामिल नहीं किया जाता है। किसी भी अमूर्त आस्ति को अपनी बहियों में शामिल करते हुए लाभांश का भुगतान करने के इच्छुक बैंकों को केंद्र सरकार से बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 15 (1) से छूट प्राप्त करनी होगी।

वित्तीय विवरणियां - प्रस्तुतीकरण और प्रकटीकरण संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेश - 30 अगस्त 2021 (11.10.2022 को अद्यतन) के साथ पठित भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं. बीपी.बीसी.24/21.04.018/2000-2001 दिनांक 23.09.2000 के अनुरूप पूंजी में वृद्धि के लिए, वाणिज्यिक बैंकों (एलएबी और आरआरबी को छोड़कर) को विनियोजन से पूर्व 'निवल लाभ' का कम से कम 25 प्रतिशत सांविधिक प्रारक्षित निधि में अंतरित करना आवश्यक है।

4) वाणिज्यिक बैंकों के निवेश पोर्टफोलियो का वर्गीकरण, मूल्यांकन और परिचालन (निदेश), 2021 पर भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेश दिनांक 25 अगस्त, 2021 के अनुसार, बैंक को अनिवार्य विनियोजन के बाद वर्ष के लिए निवल लाभ से निवेश उतार-चढ़ाव प्रारक्षित निधि (आईएफआर) और निवेश प्रारक्षित निधि के लिए विनियोजन करना चाहिए।

5) लाभांश की घोषणा से पूर्व, बैंक को मौजूदा वर्ष के लाभ से आस्तियों की क्षति के संबंध में पर्याप्त प्रावधान करने, कर्मचारी सेवानिवृति लाभों, सांविधिक प्रारक्षित निधि में लाभ अंतरण, सांविधिक प्रारक्षित निधि, निवेश उतार-चढ़ाव प्रारक्षित निधि (आईएफआर), निवेश प्रारक्षित निधि, विशेष प्रारक्षित निधि, पूंजी प्रारक्षित निधि और अन्य विनियोजनों हेतु पर्याप्त प्रावधान करने सहित, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी मौजूदा विनियमों/दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।

6) रिज़र्व बैंक द्वारा लाभांश की घोषणा के लिए बैंक पर कोई स्पष्ट प्रतिबंध नहीं लगाया गया होना चाहिए।

7) लाभांश की घोषणा भारतीय रिज़र्व बैंक/भारत सरकार/वित्त मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी किसी भी प्रकार के निदेशों या पत्रों के अध्यधीन होगी।

8) लाभांश की घोषणा, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों हेतु "त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) फ्रेमवर्क" के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्र डीओएस.सीओ.पीपीजी.एसईसी.सं.4/11.01.005/2021-22 दिनांक 02 नवंबर, 2021 द्वारा लगाए गए किसी भी प्रतिबंध के अध्यधीन है।

9) लाभांश केवल प्रति शेयर के आधार पर घोषित किया जाना चाहिए।

10) इस नीति और मौजूदा विनियम के बीच अंतर की स्थिति में, विनियम प्रभावी होंगे।

देय लाभांश का हिस्सा:

ए. भारतीय रिज़र्व बैंक/भारत सरकार के दिशानिर्देश:

ए1. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश:

(ए) लाभांश भुगतान का अनुपात (अर्थात् कर पश्चात लाभ के सापेक्ष लाभांश का अनुपात) 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा और नीचे दिए गए मैट्रिक्स के अनुसार होगा।

निवल एनपीए अनुपात					
श्रेणी	सीआरएआर	शून्य	शून्य से अधिक लेकिन 3% से कम तक	3% से लेकर 5% से कम तक	5% से लेकर 7% से कम तक
लाभांश भुगतान अनुपात की सीमा					
ए	पिछले 3 वर्षों में से प्रत्येक के लिए 11% या उससे अधिक	40 तक	35 तक	25 तक	15 तक
बी	पिछले 3 वर्षों में से प्रत्येक के लिए 10% या उससे अधिक	35 तक	30 तक	20 तक	10 तक
सी	पिछले 3 वर्षों में से प्रत्येक के लिए 9% या उससे अधिक	30 तक	25 तक	15 तक	5 तक
डी	वर्तमान वर्ष में 9% या उससे अधिक	10 तक		5 तक	शून्य

लाभांश भुगतान अनुपात की गणना 'वर्ष के दौरान निवल लाभ' के सापेक्ष 'वर्ष के दौरान देय लाभांश' (लाभांश कर को छोड़कर, जहां भी लागू हो) के प्रतिशत के रूप में की जाएगी।

(बी) यदि संबंधित अवधि के लाभ में कोई असाधारण लाभ/आय शामिल हो, तो विवेकपूर्ण भुगतान अनुपात के अनुपालन की गणना के लिए ऐसी असाधारण मदों को छोड़कर भुगतान अनुपात की गणना की जाएगी।

(सी) वित्तीय वर्ष से संबंधित वित्तीय विवरणियां जिसके लिए बैंक लाभांश की घोषणा कर रहा है, सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा किसी भी ऐसी योग्यता से मुक्त होनी चाहिए जिसका उस वर्ष के दौरान लाभ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो। उस प्रभाव के लिए किसी योग्यता के मामले में, लाभांश भुगतान अनुपात की गणना करते समय निवल लाभ को उपयुक्त रूप से समायोजित किया जाना चाहिए।

ए2. भारत सरकार के दिशानिर्देश:

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने पत्र दिनांक 18 जनवरी 2013 के माध्यम से सूचित किया है कि बैंक प्रदत्त पूंजी का न्यूनतम 20% अथवा निवल लाभ का 20% (जो भी अधिम हो) लाभांश के रुप में भुगतान करेगा।

यदि बैंक अंतरिम लाभांश भुगतान का निर्णय लेता है, बैंक द्वारा वार्षिक परिणामों के आधार पर कुल लाभांश का भुगतान उपर्युक्त दिशानिदेशों के आधार पर किया जाएगा। इसके अलावा इन प्रावधानों में किसी भी छूट के मामले में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार से विशेष पूर्वानुमति लेनी पड़ेगी।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने दिनांक 04 जून 2021 के अपने पत्र के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि न्यूनतम लाभांश का भुगतान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विनियामक दिशानिर्देशों के अध्यधीन होगा, तदनुरुप विशेष पूर्वानुमति की आवश्यकता तभी होगी जब भुगतान दिशानिर्देशों और नियामक दिशानिर्देशों/अनुदेशों के अंतर्गत अपेक्षित से कम लाभांश के भुगतान करने का प्रस्ताव किया जाता है।

बी. अंतरिम लाभांश

बैंक लाभप्रदता के आधार पर अंतरिम लाभांश घोषित कर सकता है। ऐसे मामले में इसे अंतिम लाभांश घोषित करते समय समायोजित किया जाएगा और अंतरिम लाभांश सहित बैंक द्वारा भुगतान किया जाने वाला कुल लाभांश इस नीति/भारतीय रिज़र्व के दिशानिर्देशों में यथा निर्धारित सीमा (अधिकतम/न्यूनतम) और अन्य शर्तों के अध्यधीन किया जाएगा।

सी. आंतरिक और बाह्य कारक:

बैंक का लाभांश भुगतान निर्णय कुछ बाह्य कारकों जैसे देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति, सांविधिक और विनियामक प्रावधानों, कर विनियम पर भी निर्भर करेगा, जो लाभांश की घोषणा के समय लागू हो सकते हैं। उपरोक्त बाह्य कारकों के अलावा, निदेशक मण्डल विभिन्न आंतरिक कारकों जैसे कि व्यवसाय विकास संबंधी योजनाओं, भावी पूंजीगत आवश्यकताओं, पूंजीगत आस्तियों के प्रतिस्थापन, प्रदत्त अंतरिम लाभांश, लेखा विवरणों के संबंध में लेखापरीक्षक की समझ और एनपीए खातों के निर्धारण में विचलन के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के वार्षिक वित्तीय निरीक्षण संबंधी निष्कर्षों और प्रावधानीकरण में कमी आदि को भी ध्यान में रखेगा। प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी निदेशक मण्डल को लाभांश के भुगतान हेतु सिफारिश करेंगे। लाभांश के प्रस्ताव के संबंध में निदेशक मण्डल का निर्णय अंतिम होगा।

ऐसी परिस्थितियां जिसमें शेयरधारक लाभांश की अपेक्षा कर सकते हैं या नहीं।

लाभांश का वितरण निम्नलिखित यथा लागू शर्तों के अनुपालन के अधीन है।

i) समीक्षाधीन वर्ष में लाभ

ii) सीआरएआर>=11.50% (सीईटी 1>=5.50% सहित) (न्यूनतम कुल पूंजी अनुपात + पूंजी संरक्षण बफर [9%+2.50%=11.50%] आरबीआई/2022-23/12डीओआर.सीएपी.आरईसी 3/21-06-201/2022-23, दिनांक 1 अप्रैल, 2022) के माध्यम से भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्र के अनुसार

iii) निवल एनपीए 7% से कम (आरबीआई पेआऊट मैट्रिक्स के अनुसार श्रेणी D के लिए 5 %)

iv) बासेल III अनुपालन

v) टियर 1 लीवरेज कवरेज अनुपात> 3.50%

प्रतिधारित अर्जन का उपयोग

प्रतिधारित अर्जन का उपयोग बैंक की दीर्घकालिक विकास योजनाओं, पूंजी आवश्यकताओं या बैंक निदेशक मण्डल के निर्णय के अनुसार, बैंक और उसके हितधारकों के लाभ के लिए या भारतीय रिज़र्व बैंक/ भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों/ दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए किया जाएगा।

विभिन्न श्रेणी के शेयरों हेतु लाभांश

वर्तमान में बैंक के पास शेयरों की केवल एक ही श्रेणी है अर्थात इक्विटी शेयर। विभिन्न श्रेणी के शेयरों के अभाव में लाभांश की घोषणा/ वितरण हेतु मापदंडों का एकल सेट निर्धारित किया गया है।

लाभांश भुगतान का माध्यम:

सेबी (एलओडीआर) विनियमों के विनियम 12 के अनुसार बैंक लाभांश के भुगतान के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित भुगतान सुविधा के किसी भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम का उपयोग करेगा।

जहां भुगतान के इलेक्ट्रॉनिक माध्यम का उपयोग करना संभव नहीं है, तो ऐसी स्थिति में पात्र शेयरधारकों को 'सममूल्य पर देय' वारंट या डिमांड ड्राफ्ट जारी किए जाएंगे। यदि लाभांश के रूप में देय राशि एक हजार पांच सौ रुपये से अधिक है, तो 'सममूल्य पर देय' वारंट या चेक स्पीड पोस्ट द्वारा भेजे जाएंगे।

कॉर्पोरेट लेखा विभाग के समन्वय में कंपनी सचिव विभाग, लाभांश संवितरण के प्रक्रियात्मक पहलुओं का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

लाभांश का भुगतान घोषणा की तारीख से 30 दिनों के भीतर किया जाएगा।

वैधता:

यह पॉलिसी अनुमोदन की तारीख से तीन वर्ष तक अर्थात 30.06.2025 तक वैध रहेगी। पॉलिसी की वैधता अवधि के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक/ सेबी/ भारत सरकार और किसी भी अन्य सांविधिक निकायों से प्राप्त दिशानिर्देश बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों का एक भाग बन जाएंगे और इसके नवीनीकरण के समय पॉलिसी दस्तावेज़ में शामिल किए जाएंगे।

यदि नियत तारीख को या उससे पूर्व पॉलिसी की समीक्षा नहीं की जाती है, तो प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी समीक्षा की नियत तारीख के बाद अधिकतम छह महीने की अवधि के लिए पॉलिसी को जारी रखने की अनुमति दे सकते हैं।

अनुलग्नक - 'अनुपालन संबंधी अध्याय'

लाभांश संवितरण नीति हेतु नियामकों/ प्राधिकारियों के संक्षिप्त दिशानिर्देश/ आवश्यकताएं निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	परिपत्र/संप्रेषण संख्या	विषय
1	भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्र - बासेल III पूंजी विनियमन (परिपत्र सं.: डीबीआर. सं.बीपी. बीसी.1/21.06.201/2015-16 दिनांक 01.07.2015 जिसे परिपत्र सं. डीबीआर. बीपी. बीसी.सं.20/21.06.201/2018-19 दिनांक 10.01.2019, परिपत्र सं.: आरबीआई/2020-21/42 डीओआर.बीपी.बीसी. सं.15/21.06.201/2020-21 दिनांक 29.09.2020 एवं परिपत्र सं.: आरबीआई/2020-21/93 डीओआर.सीएपी. बीसी.सं.34/21.06.201/2020-21 दिनांक 05.02.2021. के माध्यम से संशोधित किया गया) के साथ पठित ''बैंकों द्वारा लाभांश की घोषणा पर'' भारतीय रिज़र्व बैंक का परिपत्र - परिपत्र सं.: डीबीओ डी.सं.बीपी.बीसी. 88/21.02.067/2004-05 दिनांक 04.05.2005.	बैंकों द्वारा लाभांश की घोषणा
2	डीओएस.सीओ.पीपीजी.एसईसी. सं.4/11.01.005/2021-22 दिनांक 02 नवंबर, 2021.	अनूसूचित वाणिज्यिक बैंकों हेतु त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) फेमवर्क
3	भारतीय रिज़र्व बैंक का परिपत्र आरबीआई/डीओआर/2021-22/83 डीओआर. एससी आरईसी.सं. 45/21.04.018/2021- 22 दिनांक 30 अगस्त, 2021 (11.10.2022 को अद्यतन), यथा संशोधित	वित्तीय विवरण-प्रस्तुति एवं प्रकटीकरण पर मास्टर निर्देश
4	बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 [धारा 15 (1) एवं (2) और धारा 17]	लाभांश के भुगतान पर प्रतिबंध और प्रारक्षित निधि का अनिवार्य विनियोजन
5	सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 का विनियमन 43ए	लाभांश संवितरण नीति
6	भारत सरकार के पत्र एफ सं. 10/3/2010-बीओए, दिनांक 18 जनवरी, 2013 एवं भारत सरकार के पत्र एफ सं. 10/4/2021, बीओए, दिनांक 4 जून, 2021 और भारत सरकार के पत्र एफ सं. 7/7/2022-बीओए 1, दिनांक 20 मई 2022	
7	भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी और भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अन्य प्रासंगिक दिशानिर्देश.	

Dividend Distribution Policy

As per Regulation 43A of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 [hereinafter referred to as SEBI (LODR) Regulations], the top 1000 listed entities based on market capitalization, calculated as on March 31 of every financial year are required to formulate a Dividend Distribution Policy which shall be disclosed on the website of the listed entity and a web-link shall also be provided in their annual reports. This would enable the investors to take informed decisions while making investments in these high profile companies.

Our Bank is a Nationalized Bank constituted under the provisions of Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 and is also required to comply with the guidelines in respect of Dividend, issued by the Reserve Bank of India (RBI) and Government of India, which have been duly incorporated in the Policy.

Objective

Bank of Baroda's shareholders earn a return on their investment in the Bank's share capital in two ways:

(1) Capital appreciation resulting from increase in the share price, and

(2) Cash return in the form of a periodic dividend.

The Bank recognizes that its shareholders need periodic dividend to meet their liquidity needs. Also, payment of dividend is seen as a signal of the Bank's future prospects. The Bank endeavors to distribute surplus cash to its shareholders.

Normally, the Bank expects to pay dividend in profitable years. The decision on how much to distribute as dividend takes into consideration a number of factors including:

(a) The Bank's current and prospective financial performance,

(b) Capital adequacy requirements specified by Reserve Bank of India (RBI)

(c) The Bank's investment and expansion plans, and

(d) The expectations of its shareholder

Since the Bank has operations worldwide, its dividend decision is based on an assessment of domestic and international economic and financial conditions and regulatory requirements.

Eligibility Criteria for declaration of dividend:

Retained earnings are utilized to meet the Bank's capital requirements and finance its investment and expansion activities. Retained earnings also provide a cushion to tide over unexpected events. The Bank strives to balance the demands for investment with the shareholders' need for a fair cash return.

The RBI vide their Circular No. RBI/2004-05/451; DBOD.NO. BP.BC. 88/21.02.067/ 2004-05 dated May 04, 2005, has laid down the following eligibility conditions, among others, for payment of dividend by the bank:

1) Dividend will be paid only out of current year's profit.

2) A bank should have:

   (a) capital-to-risk weighted assets ratio (CRAR) of at least 9% for preceding two completed years and the year for which it proposes to declare dividend.

   Bank is required to maintain a capital conservation buffer of 2.5%, comprised of Common Equity Tier 1 capital, above the regulatory minimum capital requirement of 9%. Whenever the buffer falls below 2.5%, automatic constraints on discretionary distributions of earnings (for example, dividends, share buybacks and discretionary staff bonus payments) will be imposed so that the buffer/capital level can be replenished to minimum requirements.

   and

   (b) Net NPA (non-performing assets) of less than 7%.

   In case bank does not meet the above CRAR norm, but is having a CRAR of at least 9% for the accounting year for which it proposes to declare dividend, it would be eligible to declare dividend provided its Net NPA ratio is less than 5%.

3) The bank should comply with the provisions of Sections 15 (Restrictions on Payment of Dividend) and 17 (Transfer of part of profit, not less than 25%, to reserve fund before declaration of dividend) of the Banking Regulation Act,1949.[1]

---

[1]***Section 15 - Restrictions as to payment of dividend***

"[(1)] No banking company shall pay any dividend on its shares until all its capitalised expenses (including preliminary expenses, organisation expenses, share-selling commission, brokerage, amounts of losses incurred and any other item of expenditure not represented by tangible assets) have been completely written off.

[(2)] Notwithstanding anything to the contrary contained in sub-section (1) or in the Companies Act, 1956(1 of 1956), a banking company may pay dividends on its shares without writing off-

(i) the depreciation, if any, in the value of its investments in approved securities in any case where such depreciation has not actually been capitalised or otherwise accounted for as a loss;

(ii) the depreciation, if any, in the value of its investments in shares, debentures or bonds (other than approved securities) in any case where adequate provision for such depreciation has been made to the satisfaction of the auditor of the banking company;

(iii) the bad debts, if any, in any case where adequate provision for such debts has been made to the satisfaction of the auditor of the banking company."

Section 17 - Reserve Fund

"(1) Every banking company incorporated in India shall create a reserve fund and shall, out of the balance of profit of each year as disclosed in the profit and loss account prepared under section 29 and before any dividend is declared, transfer to the reserve fund a sum equivalent to not less than twenty percent of such profit."

In terms of RBI Master Direction on Financial Statements Presentation and Disclosures dated August 30, 2021 (Updated as on 11.10.2022), the intangible assets recognized and carried in the Balance Sheet of Banks in compliance with Accounting standard-26 shall attract the provisions of Section 15(1) of Banking Regulation (BR) Act, 1949, in terms of which banks are prohibited from declaring any dividend until any expenditure not represented by tangible assets is carried in the balance sheet. Banks desirous of paying dividend while carrying any intangible assets in its books must seek exemption from section 15 (1) of the Banking Regulation Act, 1949 from the Central Government.

RBI circular no. BP.BC.24/21.04.018/2000-2001 dated 23.09.2000 read with RBI Master Direction on Financial Statements - Presentation and Disclosures dated August 30, 2021 (Updated as on 11.10.2022), In order to augment capital, Commercial Banks (excluding LABs and RRBs) are required to transfer not less than 25 per cent of the 'net profit' before appropriations to the Statutory Reserve.

4) As per RBI Master Direction - Classification, Valuation and Operation of Investment Portfolio of Commercial Banks (Directions), 2021 dated 25th August, 2021, the bank should appropriate for Investment Fluctuation Reserve (IFR) and Investment reserve from Net Profit for the year after mandatory appropriations.

5) Before dividend declaration, the bank should comply with the prevailing regulations/ guidelines issued by RBI, including creating adequate provisions for impairment of assets, staff retirement benefits, transfer of profits to Statutory Reserves, Investment Fluctuation Reserve (IFR), Investment Reserve, Special Reserves, Capital reserves and other appropriations from the current year profit.

6) The Reserve Bank should not have placed any explicit restrictions on the bank for declaration of dividends.

7) The declaration of dividend shall be further subject to any Directions or Communications issued by RBI/ Government of India/Ministry of Finance from time to time.

8) The declaration of dividend is subject to the any restriction imposed by RBI vide its Circular DOS.CO.PPG. SEC.No.4/11.01.005/2021-22 dated 2nd November, 2021 on 'Prompt Corrective Action Framework" (PCA) for scheduled commercial banks'.

9) The dividend should be declared on per share basis only.

10) In the event of conflict between this policy and extant regulations, the regulations shall prevail.

Quantum of Dividend Payable:

A. RBI/Govt. of India Guidelines

A1. RBI Guidelines:

(a) The dividend payout ratio (i.e. the ratio of dividend to profit after tax) shall not exceed 40 per cent and shall be as per the matrix furnished herein below.

		Net NPA Ratio			
Category	CRAR	Zero	More than Zero but less than 3%	From 3 % to less than 5%	From 5% to less than 7 %
		Range of Dividend Payout Ratio			
A	11% or more for each of the last 3 years	Up to 40	Up to 35	Up to 25	Up to 15
B	10% or more for each of the last 3 years	Up to 35	Up to 30	Up to 20	Up to 10
C	9% or more for each of the last 3 years	Up to 30	Up to 25	Up to 15	Up to 5
D	9% or more in the Current year	Up to 10		Up to 5	Nil

Dividend payout ratio shall be calculated as a percentage of 'dividend payable in a year' (excluding dividend tax, wherever applicable) to 'net profit during the year'.

(b) In case the profit for the relevant period includes any extra-ordinary profits/ income, the payout ratio shall be computed after excluding such extra-ordinary items for reckoning compliance with the prudential payout ratio.

(c) The financial statements pertaining to the financial year for which the bank is declaring a dividend should be free of any qualifications by the statutory auditors, which have an adverse bearing on the profit during that year. In case of any qualification to that effect, the net profit should be suitably adjusted while computing the dividend payout ratio.

A2. Government of India Guidelines

The Ministry of Finance, Govt. of India vide letter dated 18th January, 2013 has advised Bank to pay a minimum of 20% of paid up capital or 20% of Net Profit (whichever is higher) as dividend.

In case, Bank decides to pay Interim dividend, the total dividend to be paid by the bank based on the annual results shall be as per the above guidelines. Further, any relaxation from the provisions of these instructions requires specific prior permission of the Ministry of Finance, Govt. of India.

The Ministry of Finance, Govt. of India vide letter dated 04th June, 2021 has clarified that the payment of minimum dividend is subject to regulatory guidelines

issued by RBI and, therefore, specific prior permission shall be sought only if the dividend proposed to be paid is less than the minimum required under the guidelines as well as that permissible under regulatory guidelines/ instructions.

B. Interim Dividend

Bank may declare Interim Dividend based on profitability. In such case it will be adjusted while declaring final dividend and the total dividend to be paid by the Bank including interim dividend shall be subject to the limit (Maximum/Minimum) and other conditions as stipulated herein in this policy/RBI guidelines.

C. Internal and External Factors:

The dividend payout decision of the Bank will also depend on certain external factors such as the state of the economy of the country, statutory and regulatory provisions, tax regulations, as may be applicable at the time of declaration of the dividend. Apart from the aforesaid external factors, Board will also take into account various internal factors, such as business growth plans, future capital requirements, replacement of capital assets, interim dividend paid, auditor's qualifications pertaining to statement of accounts & annual financial inspection findings of the RBI with regard to divergence in identification of NPAs, shortfall in provisioning etc. The MD &CEO shall recommend the dividend payout to Board. The decision of the Board regarding proposal of dividend shall be final.

Circumstances under which the shareholders may or may not expect dividend

The distribution of dividend is subject to compliance of the following conditions, as applicable;

i) Profit in the year under consideration,

ii) CRAR>=11.50% (including CET 1 >=5.50%) (Minimum total capital ratio plus capital conservation buffer {9%+2.50%=11.50%} as per RBI Master Circular vide RBI/2022-23/12 DOR.CAP.REC3/21.06.201/2022-23 dated April 1, 2022)

iii) Net NPA less than 7% (5% for Category D as per RBI Payout Matrix)

iv) BASEL III Compliance

v) Tier 1 Leverage Coverage Ratio >3.50%

Utilization of Retained Earnings

The retailed earnings will be used for the Bank's long term growth plans, capital requirements or as per the decision of the bank's board, for the benefit of the bank and its stakeholders or for the compliance of instructions/guidelines received from RBI/ Government of India.

Dividend for Various class of Shares

At present, the bank has only one class of shares i.e. equity shares. In absence of varied class of shares, a single set of parameters has been prescribed for declaring/ distribution of dividend.

Manner of Payment of dividend:

As per Regulation 12 of SEBI (LODR) Regulations, the Bank shall use any of the electronic mode of payment facility approved by the Reserve Bank of India for the payment of the dividends.

Where it is not possible to use electronic mode of payment, 'payable-at-par' warrants or Demand drafts will be issued to the eligible shareholders. If the amount payable as dividend exceeds one thousand and five hundred rupees, the 'payable-at-par' warrants or cheques shall be sent by speed post.

The Company Secretary Department in coordination with Corporate Accounts Department shall ensure the compliance of procedural aspects of distribution of Dividend.

Dividend shall be paid within 30 days from the date of declaration.

Validity:

This policy shall remain valid for three years from the date of approval. Guidelines received from RBI / SEBI/ Government of India and any other statutory bodies during the validity period of the policy will become part of the bank's existing guidelines and will be incorporated in the policy document at the time of its renewal.

The M.D.& CEO may allow continuation of the Policy for a maximum period of six months after the due date of review in case the Policy cannot be reviewed on or before the due date

Annexure – 'Chapter on Compliance'

Following are the brief guidelines/requirements of the regulators/authorities for Dividend Distribution Policy:

Sl No	Circular/Communication No	Subject
1	RBI Circular on 'Declaration of dividends by Banks'- Circular No.: DBOD. NO.BP.BC.88/21.02.067/2004-05 dated 04.05.2005 read with RBI Master Circular – Basel III Capital Regulations (Circular No.: DBR.No.BP. BC.1/21.06.201/2015-16 dated 01.07.2015 as amended by Circular No.: DBR.BP.BC.No.20/21.06.201/2018-19 dated 10.01.2019, Circular No.: RBI / 2020- 21/42 DOR.BP.BC.No15/21.06.201/2020-21 dated 29.09.2020 and Circular No.: RBI/2020-21/93 DOR. CAP. BC. No. 34/21.06.201/2020-21 dated 05.02.2021.)	Declaration of Dividends by Banks
2	DOS.CO.PPG.SEC.No.4/11.01.005/2021-22 dated November 02, 2021	Prompt Corrective Action (PCA) framework for scheduled commercial banks
3	RBI circular RBI/DOR/2021-22/83 DOR.ACC.REC.No.45/21.04.018/2021- 22 dated August 30, 2021(updated as on 11.10.2022), as amended	Master Direction on Financial Statements - Presentation and Disclosures
4	Banking Regulation Act, 1949 [Section 15 (1) & (2) and Section 17]	Restriction as to payment of dividend and Mandatory appropriation of Reserve Fund.
5	Regulation 43A Regulations, 2015 of the SEBI (LODR)	Dividend Distribution Policy
6	GOI Letter F. No. 10/3/2010-BOA dated 18th January, 2013 and GOI Letter F. No. 10/4/2021-BOA dated 4th June, 2021 and GOI Letter F. No. 7/7/2022-BOA1 dated 20th May, 2022	Declaration of dividend by Public Sector Banks
7	Other relevant guidelines issued by RBI, SEBI and Government of India from time to time.	

27वीं वार्षिक आम बैठक हेतु नोटिस

बैंक ऑफ़ बड़ौदा

प्रधान कार्यालय : अलकापुरी, बड़ौदा - 390007

कॉर्पोरेट कार्यालय : बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26, ''जी'' ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051.

(वेबसाइट:www.bankofbaroda.in)

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कार्यवाही के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा के शेयरधारकों की 27वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) से शुक्रवार, दिनांक 07 जुलाई, 2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे** किया जाएगा:

सामान्य कार्यवाही:

मद संख्या 1:

बैंक के 31 मार्च, 2023 के तुलनपत्र, 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लाभ-हानि लेखा, लेखों में समाहित अवधि के लिए बैंक के कार्यनिषादन तथा कार्यकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट और तुलन-पत्र एवं लेखों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार करना, अनुमोदन प्रदान करना व इन्हें स्वीकार करना।

मद सं. 2:

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए लाभांश को अनुमोदित और घोषित करना।

विशेष कार्यवाही:

मद संख्या 3:

एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित पर विचार करना और इसे पारित करना

"यह संकल्प पारित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015, समय-समय पर यथा संशोधित, के विनियम 17 (1 सी) के अनुसरण में बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (ए) के तहत भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संदर्भ. ईएफ. नं. 4/4/2021-बीओ.आई दिनांक 16 जनवरी, 2023 के माध्यम से दिनांक 20 जनवरी 2023 से उनकी अधिवर्षिता की तारीख अर्थात् 30 जून, 2023 तक या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में श्री संजीव चड्ढा की पुनः नियुक्ति को एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है।"

मद संख्या 4:

एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित पर विचार करना और इसे पारित करना

"यह संकल्प पारित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015, समय-समय पर यथा संशोधित, के विनियम 17 (1सी) के अनुसरण में बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (ए) के तहत भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना ईएफ. नं. 4/6/2021-बीओ.आई दिनांक 21 नवंबर, 2022 के माध्यम से 21 नवंबर, 2022 से 20 नवंबर, 2025 तक या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री ललित त्यागी की नियुक्ति को एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है।"

मद संख्या 5:

एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित पर विचार करना और इसे पारित करना

''यह संकल्प पारित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015, समय-समय पर यथा संशोधित, के विनियम 17 (1सी) के अनुसरण में, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (बी) के तहत भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना ईएफ. नं. 6/2/2022-बीओ. आई दिनांक 15 दिसंबर, 2022 के माध्यम से 15 दिसंबर, 2022 से अगले आदेशों तक गैर कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री मुकेश कुमार बंसल की नियुक्ति को एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है।''

मद संख्या 6:

एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित पर विचार करना और इसे पारित करना

"यह संकल्प पारित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015, समय-समय पर यथा संशोधित, के विनियम 17 (1सी) के अनुसरण में बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (ए) के तहत भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 29 अप्रैल, 2023 के माध्यम से 01 जुलाई 2023 को कार्य ग्रहण करने की तारीख या उसके बाद या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, श्री संजीव चड्ढा के स्थान पर प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में श्री देबदत्त चाँद की नियुक्ति को एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है।"

कृते बैंक ऑफ़ बड़ौदा

संजीव चड्ढा

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान : मुंबई

दिनांक : 29 मई 2023

नोट:

1. **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से वार्षिक आम बैठक**

- एमसीए (कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय) ने मई 2020 से जारी विभिन्न परिपत्रों और दिनांक 05 मई, 2022 को जारी सामान्य परिपत्र संख्या 02/2022 तथा परिपत्र संख्या 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022 के माध्यम से कंपनियों को वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से दिनांक 30 सितंबर, 2023 तक अपनी वार्षिक आम बैठक आयोजित करने की अनुमति दी है। एमसीए द्वारा जारी उपर्युक्त परिपत्रों के अनुरूप सेबी

ने भी अपने परिपत्र दिनांक 05 जनवरी, 2023 के माध्यम से सूचीबद्ध संस्थाओं को छूट प्रदान की है।

- उपर्युक्त प्रावधानों के अनुपालन में, बैंक की वार्षिक आम बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से किया जा रहा है। **27 वीं एजीएम के आयोजन का स्थान बैंक का प्रधान कार्यालय, वडोदरा माना जाएगा।**

2. प्रॉक्सी और प्राधिकृत प्रतिनिधि(यों) की नियुक्ति:

चूंकि बैठक वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है, अतः इस एजीएम में शेयरधारकों के लिए बैठक में सहभागिता करने तथा वोट देने के लिए प्रॉक्सी को नियुक्त करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

हालांकि, कोई भी व्यक्ति किसी कंपनी/ संस्था के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बैठक में उपस्थित रहने या वोट देने के लिए हकदार नहीं होगा, जब तक कि उसे विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने सबंधी संकल्प की एक प्रति, संबंधित बैठक जिसमें इसे पारित किया गया है, के अध्यक्ष द्वारा मूल प्रति के रूप में सत्यापित कर यह v-raju.sv@kfintech.com;/companysecretary.bcc@bankofbaroda.com पर बैठक की तारीख से 4 दिन पूर्व अर्थात् 02 जुलाई, 2023 को सायं 4.00 बजे अथवा इससे पहले नहीं भेज दी जाती है।

3. एजीएम प्रतिभागिता

बैंक ने कैफिन टक्नॉलॉजी लिमिटेड (KFIN), रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट्स (आरटीए) को वार्षिक आम बैठक के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध कराने तथा एजीएम के आयोजन के लिए एटेंडेंट इनेब्लर्स हेतु नियुक्त किया है।

वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम के परिपत्रों के प्रावधानों के अनुसार:

ए) शेयरधारक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कनेक्ट करने के लिए उन्हें उपलब्ध कराई गई लॉगिन क्रेडेंशियल के जरिए बैठक में भाग ले सकते हैं। बैठक स्थल पर शेयरधारकों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है।

बी) शेयरधारक की ओर से उपस्थित होने और वोट देने के लिए प्रॉक्सी की नियुक्ति संबंधी सुविधा उपलब्ध नहीं है।

सी) निकाय कॉर्पोरेट्स वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित रहने के लिए प्राधिकृत प्रतिनिधियों को नियुक्त करने और भाग लेने तथा ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट देने के लिए पात्र हैं।

- शेयरधारक नोटिस में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए बैठक शुरू होने के 15 मिनट पहले एजीएम में शामिल हो सकते हैं। एजीएम में फीफो (FIFO) आधार पर 1000 तक शेयरधारक भाग ले सकते हैं।
- बड़े शेयरधारकों (2% या उससे अधिक की शेयरधारिता वाले शेयरधारकों), प्रवर्तकों, संस्थागत निवेशकों, निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों, लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्षों, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति और हितधारक संबंधी समिति, लेखापरीक्षकों आदि के संबंध में एजीएम में फीफो आधार पर प्रवेश के कारण कोई प्रतिबंध नहीं होगा।
- एजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारकों (शेयरधारकों के लॉगिन) की गिनती बैंक ऑफ़ बड़ौदा आम (शेयर और बैठक) विनियमन, 1998 के तहत कोरम की गणना के उद्देश्य से की जाएगी।
- एजीएम आयोजन संबंधी नोटिस को बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर अपलोड किया गया है। नोटिस को स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों, बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी एक्सेस किया जा सकता है और यह ई-वोटिंग एजेंसी केएफएन (KFin) की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com/ पर भी उपलब्ध है।

4. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु शेयरधारकों के लिए निर्देश:

- शेयरधारक को कैफ़िन (KFin) द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी। शेयरधारक इसे https://emeetings.kfintech.com/ पर रिमोट ईवोटिंग क्रेडेंशियल्स का प्रयोग करते हुए "AGM-Video Conference & Streaming" के आइकॉन पर क्लिक कर एक्सेस कर सकते हैं। लॉगिन करने के बाद, शेयरधारकों को संबंधित कार्यक्रम और बैंक का नाम चुनना होगा। कृपया ध्यान दें कि जिन शेयरधारकों के पास ई-वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड नहीं है या यूजर आईडी और पासवर्ड भूल गए हैं वे नोटिस में उल्लिखित रिमोट ई-वोटिंग निर्देशों का पालन करके इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं।
- शेयरधारकों को बेहतर अनुभव के लिए गूगल क्रोम/ फायरफॉक्स के साथ लैपटॉप /स्मार्ट फोन के माध्यम से बैठक में शामिल होने के लिए आग्रह किया जाता है।
- साथ ही, ऐसे शेयरधारक जो बैठक में बोलना चाहते हैं उन्हें कैमरा को ऑन (ऑन रखने की अनुमति) रखना होगा और अच्छी स्पीड वाली इंटरनेट सेवा का उपयोग करना होगा ताकि बैठक के दौरान किसी तरह के व्यवधान से बचा जा सके। शेयरधारक पहले भी उसी पोर्टल में 'स्पीकर रजिस्ट्रेशन' के तहत उपलब्ध कराये गए विकल्प के माध्यम से अपने वीडियो को रिकॉर्ड और अपलोड कर सकते हैं।
- कृपया नोट करें कि मोबाइल डिवाइस या टैबलेट या मोबाइल हॉटस्पॉट से जुड़े लैपटॉप के माध्यम से शामिल सदस्यों को उनके अपने नेटवर्क में अप-डाउन के चलते ऑडियो/ वीडियो में खराबी (बंद/ रुक-रुक कर आने) की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अतः उपर्युक्त समस्याओं से बचने के लिए स्टेबल वाई-फाई या लैन कनेक्शन का उपयोग करें।
- कृपया नोट करें कि शेयरधारकों की समस्या/ विचार/ प्रश्नों का जवाब केवल तभी दिया जाएगा जब शेयरधारक के पास कट ऑफ तारीख अर्थात् 30 जून, 2023 तक शेयर धारित हों। 'एजीएम प्रश्न संबंधी' विंडो 04 जुलाई, 2023 प्रातः 10:00 से 05 जुलाई, 2023 सायं 05:00 बजे तक खुली रहेगी।
- वार्षिक आम बैठक में बोलने और प्रश्न पूछने के इच्छुक शेयरधारकों को https://evoting.kfintech.com/ पर लॉग-इन करना होगा और **''स्पीकर रजिस्ट्रेशन''** पर क्लिक कर अपना डीमैट खाता संख्या/ फोलियो संख्या, शहर, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए प्रस्तुत करना होगा। स्क्रीन पर एक संदर्भ संख्या प्रदर्शित

होगी जिसे एजीएम में प्रश्न एवं उत्तर सत्र के दौरान रिकॉल करने के लिए रखा जाना चाहिए। **ऐसे शेयरधारकों, जिन्होंने 04 जुलाई, 2023 से 05 जुलाई, 2023 की अवधि के दौरान अपने आप को स्पीकर के रूप में पंजीकृत किया है, केवल उन्हें ही अपने विचार रखने /प्रश्न पूछने की अनुमति दी जाएगी।**

- ऐसे शेयरधारक जो **विडियो कॉन्फ्रेंस** के माध्यम से बैठक में भाग लेने में असमर्थ हैं वे एजीएम की कार्यवाही का लाइव वेबकास्ट अपने रिमोट ई-वोटिंग क्रेडेंशियल का उपयोग करते हुए केफिंटेक की ई-वोटिंग वेबसाइट https://emeetings.kfintech.com/ पर लॉगिन कर देख सकते हैं।

5. मतदान का अधिकार

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 3 की उपधारा (2ई) के अनुसार केंद्र सरकार से इतर प्रतिनिधि नये बैंक का कोई भी शेयरधारक स्वयंधारित शेयरों के संबंध में **बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल मताधिकार के दस प्रतिशत** से अधिक मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पात्र नहीं होगा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा आम (शेयरों एवं बैठकें) विनियमन,1998 के विनियम 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो या उससे अधिक व्यक्तियों के नाम पर है तो मतदान के लिए रजिस्टर में अंकित प्रथम व्यक्ति को उन शेयरों का एकलधारक समझा जायेगा। अतः यदि शेयर संयुक्त धारकों के नाम पर हैं तो प्रथम अंकित व्यक्ति ही एजीएम बैठक में भाग लेने का पात्र है और केवल वह ही रिमोट ई-वोटिंग अथवा एजीएम बैठक में वोटिंग, यदि वोटिंग के अधिकार का प्रयोग रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा नहीं किया जाता है, कार्यसूची पर मत देने का पात्र होगा।

6. एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग और वोटिंग विनिर्दिष्ट तारीख़ - शेयरधारकों के रजिस्टर की बंदी:

सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियम 42 और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित बैंक ऑफ़ बड़ौदा आम (शेयर और बैठकें) संशोधन विनियमन, 2008 के विनियम 12 के अनुसरण में बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक शनिवार, 1 जुलाई, 2023 से शुक्रवार, 7 जुलाई, 2023 तक (दोनों दिन सहित) वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 27वीं वार्षिक आम बैठक और लाभांश के भुगतान के उद्देश्य से बंद रहेगा। तदनुसार, वे शेयरधारक जिनके पास शुक्रवार, 30 जून, 2023 (विनिर्दिष्ट तारीख) को बैंक के शेयर हैं, वे एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग या वोटिंग के माध्यम से भाग लेने एवं बैठक की कार्यसूची पर मतदान करने में सक्षम होंगे तथा वित्त वर्ष 2022-23 के लिए लाभांश, यदि कोई हो, प्राप्त करने के लिए भी पात्र होंगे।

7. लाभांश का भुगतान

बैंक के निदेशक मंडल ने दिनांक 16 मई, 2023 को संपन्न अपनी बैठक में दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए पूर्णतः प्रदत्त प्रति रु 2/- के इक्विटी शेयर पर रु. 5.50/- (पांच रुपये पचास पैसे मात्र) की दर से लाभांश की अनुशंसा की है। निदेशक मंडल द्वारा यथा अनुशंसित और 27 वीं वार्षिक आम बैठक में अनुमोदित लाभांश का भुगतान निम्नानुसार किया जाएगा:

ए) दिनांक 30 जून, 2023 को व्यावसायिक कार्यसमय की समाप्ति तक नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा यथा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में सभी लाभार्थी स्वामी को;

बी) दिनांक 30 जून, 2023 को व्यावसायिक कार्यसमय की समाप्ति पर या उससे पहले बैंक/ बैंक के आरटीए के पास दर्ज किए गए ट्रांसफर अनुरोधों के संबंध में वैध ट्रांसफर को प्रभावी करने के बाद भौतिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में सभी सदस्यों को;

सी) ये लाभांश 27वीं वार्षिक आम बैठक की तारीख से 30 दिनों के भीतर पात्र शेयरधारकों को वितरित किए जाएंगे।

डी) आयकर दिशानिर्देशों के अनुसार लाभांश भुगतान पर लागू कर की कटौती की जाएगी।

8. रिमोट ई-वोटिंग

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 44 के अनुसरण में, आपके बैंक को, शेयरधारकों को बैठक के नोटिस में उल्लेखित मदों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करते हुए प्रसन्नता हो रही है। इस विषय में शेयरधारकों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है:

ए. बैंक ने ई-वोटिंग प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु **केफिन को रिमोट ई-वोटिंग एजेंसी** के रूप में नियुक्त किया है।

बी. **रिमोट ई-वोटिंग हेतु पोर्टल मंगलवार, 04 जुलाई, 2023 को सुबह 9.00 बजे से बृहस्पतिवार, 06 जुलाई, 2023 को शाम 5.00 बजे तक पूरे समय खुला रहेगा (दोनों दिन सहित)।**

सी. **रिमोट ई-वोटिंग वैकल्पिक है।**

इस **निर्दिष्ट तारीख अर्थात् शुक्रवार, 30 जून, 2023** को मूर्त या अमूर्त (डिमैटेरिलाइज्ड) रूप में बैंक का शेयर धारित करने वाले शेयरधारक इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट दे सकेंगे।

डी. **आरटीए पोर्टल के माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग के अनुदेश (डीमैट और भौतिक शेयरधारकों के लिए)** निम्नानुसार हैं:-

i. जो शेयरधारक उपर्युक्त कट-ऑफ डेट को वोट देने हेतु पात्र हैं, ई-वोटिंग के लिए **04 जुलाई, 2023** को सुबह 9 बजे पोर्टल खुलने पर निम्नलिखित यूआरएल का उपयोग करें: https://evoting.kfintech.com

ii. लॉग-इन क्रेडेंसियल अर्थात् नोटिस के साथ संलग्न उपस्थिति पर्ची में उल्लिखित यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्रविष्ट करें।

iii. उपयुक्त रूप से ब्यौरा दर्ज करने के बाद लॉग-इन पर क्लिक करें।

iv. आप 'पासवर्ड बदलें' मेनू में पहुंचेंगे, जहां आपको अनिवार्यतः अपना पासवर्ड बदलना होगा। नए पासवर्ड में एक अपर केस (A से Z), एक लोअर केस (a से z), एक अंक (0-9) तथा एक विशेष कैरेक्टर सहित न्यूनतम 8 कैरेक्टर होंगे। सिस्टम आपको पहली बार लॉगिन करते समय पासवर्ड बदलने तथा किसी भी संपर्क विवरण जैसे मोबाइल, ई- मेल आदि को अद्यतन करने हेतु कहेगा। आप यदि अपना पासवर्ड भूल गये हैं, तो उसे पुनः प्राप्त करने हेतु अपनी पसंद के गोपनीय प्रश्न और उत्तर की प्रविष्टि भी कर सकते हैं। **यह दृढतापूर्वक सिफारिश**

की जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति से साझा न करें और इसे गोपनीय रखने हेतु अत्यंत सावधानी बरतें।

v. आपको नए क्रेडेंसियल से पुनः लॉग-इन करना होगा।

vi. सफलतापूर्वक लॉग-इन के बाद, सिस्टम आपको EVEN अर्थात् बैंक ऑफ़ बड़ौदा का चयन करने हेतु निर्देश देगा। वोटिंग पृष्ठ पर, निर्दिष्ट तारीख (30 जून, 2023) को शेयरधारक द्वारा यथा धारित शेयरों की संख्या प्रदर्शित होगी। ASSENT अथवा DISSENT पर क्लिक करके शेयरधारक (कों) के पास टॉप पर सभी विनियमन के लिए एक बार में ही वोट करने का विकल्प होगा। वैकल्पिक तौर पर आप प्रत्येक संकल्प के लिए ASSENT अथवा DISSENT पर क्लिक करके प्रत्येक संकल्प के लिए वैयक्तिक रूप से अलग-अलग वोट कर सकते हैं। पुष्टि करने हेतु"OK"पर क्लिक करें, अन्यथा परिवर्तन करने हेतु 'CANCEL' पर क्लिक करें। **एक बार पुष्टि करने के बाद आप वोट में परिवर्तन नहीं कर सकते। वोटिंग अवधि के दौरान, शेयरधारक संकल्प पर वोट देने के पूर्व कितनी भी बार लॉग-इन कर सकता है।**

vii. एक से अधिक फोलियो/ डीमैट खाता रखने वाले शेयर धारकों को प्रत्येक फोलियो/ डीमैट खाते के लिए अलग से वोटिंग प्रक्रिया का चयन करना होगा। **तथापि, शेयरधारक कृपया नोट करें कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3 (2ई) के अनुसार, भारत सरकार से इतर किसी भी शेयरधारक को, बैंक की कुल शेयरधारिता के 10% से अधिक के लिए वोट देने की अनुमति नहीं होगी।**

viii. उपर्युक्त अनुसार पोर्टल बंद हो जाएगा और बंद होने पर यह सुविधा तत्काल समाप्त हो जाएगी.

ix. बैंक ने मेसर्स एस.एन. अनंतसुब्रमणयन एंड कं., कंपनी सचिव को ई-वोटिंग प्रक्रिया को उचित एवं पारदर्शी तरीके से संचालित करने हेतु संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

x. संस्थागत शेयरधारक (अर्थात् वैयक्तिक, एचयूएफ, एनआरआई आदि से इतर) जो वोट देने हेतु प्राधिकृत हों, उन्हें विधिवत् प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता(ओं) के अनुप्रमाणित नमूना हस्ताक्षर सहित संबंधित बोर्ड संकल्प/ प्राधिकार-पत्र की स्कैंड (पीडीएफ/ जेपीजी प्रारूप) प्रति scrutinizer@snaco.net पर ई- मेल के माध्यम से संवीक्षक को भेजना अपेक्षित है।

